CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

लखनऊ, रविवार 15 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 101 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद पेज 2



भारत- पाक का महामुकाबला आज, बुमराह और कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार होंगे खेल टाइम्स



भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान पेज 11



प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है 'ओ रोमियो' बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में ईडी की कार्रवाई, 100.44 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चल रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी। ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था। ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था।

### भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर बड़ा झूठ फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है।

### मप्र-उप्र, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2डिग्री सेल्सियस और प्रयागराज में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।

## नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो गलियारे को हरी झंडी

- 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किमी लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61-62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा।

## अफसर रिटायर होकर 20 साल पुस्तक प्रकाशित नहीं करा सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित




कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 प्वाइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि, इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 फरवरी को संसद परिसर में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर

**आदेश जारी कर सकती है केंद्र सरकार, पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब पर विवाद**

पहुंचे थे। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमायर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमायर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में राहुल गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा कि किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कर कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है। किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा: कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं

गुवाहाटी, वार्ता



- असम दौरे पर पीएम ने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताया
- पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र करते हुए कहा: भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया।

असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को शनिवार को विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए शनिवार को लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही पुलवामा हमले की बरसी है।

### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाइपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बोले कि जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया।

कभी नॉर्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है।

# जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें: सीजेआई

**कॉमनवेल्थ देशों के जजों की बैठक में कहा**

शाह टाइम्स ब्यूरो



- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को नुकसान
- CJI ने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है, जो दुनिया के साथ बदलता है।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी, ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी, जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 फीसदी टैरिफ बनाम 0 फीसदी समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। राहुल गांधी बोले- अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल गांधी ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया, अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल, पोस्ट में राहुल गांधी

**सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल**

बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने वीडियो में यह भी कहा कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है, जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।



# पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

न्यूयॉर्क, वार्ता

- दोषी भारतीय नागरिक ने न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला
- 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा

**खालिस्तानी आतंकी** गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर- फॉर- हायर, मर्डर-फॉर- हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने एक जुलाई 2020 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री, खड़गे ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी।

### एसएससी एमटीएस में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया यूपी तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। इन्होंने प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए।

# शंकराचार्य पर टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव का हमला, वाणी ही खोलती है पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुआवजा वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। शंकराचार्य के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग शाब्दिक हिस्सा है और यह पाप की श्रेणी में आता है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वाले के साथ-साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें जवाब देना पड़ेगा। जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। सपा प्रमुख ने महाकुंभ से जुड़े मुद्दों को भी उठाते हुए आरोप लगाया कि मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए और मुआवजे के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि जिन पीड़ितों तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका पैसा कहां गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पर खुद मुकदमे रहे हों, वे दूसरों के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

### भाजपा सरकार तय करेगी, शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** सीएम योगी द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीऔर कहा कि सीएम के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण-पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब बीजेपी या यूपी सरकार यह तय करेगी कि शंक. राचार्य कौन होगा।

# नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सेवातीर्थ व कर्तव्य भवनों में स्थानांतरण की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी, आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाए, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाए। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: योगी

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, किसानों की आय बढ़ेगी

गोरखपुर, वार्ता



■ आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे, आज दुनिया के सामने पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा।

### गलत जांच रिपोर्ट लगाई, तो दर्ज होगी एफआईआर

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय संत समिति

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि कान छिदवाने से और भगवा पहन लेने से कोई योगी नहीं हो जाता। इस बयान पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अखिल भारतीय संत समिति ने अखिलेश के बयान की घोर निंदा की है। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि सपा नेता किसी के साधु, संत या संन्यासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं बांट सकते। शंकराचार्य पद को लेकर जो सवाल हैं, जिनके गुरु के नाम से उच्चतम न्यायालय में केस अभी निर्णय तक नहीं पहुंचा है।

# सुषमा स्वराज ने सत्ता को सेवा के प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ योगी ने भाजपा नेता की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपनी विद्वत्ता, शालीनता और ओजस्विता की अमिट छाप छोड़ने वाली 'पद्म विभूषण' से सम्मानित वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का जीवन भारतीय राजनीति में शुचिता, सामर्थ्य और संवेदना की ऐसी त्रिवेणी था, जिसने सत्ता को 'सेवा' के उच्चतम प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा, संवाद और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणाोत बनी रहेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और देशवासियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज जन्मदिन है। भले ही वह इस दुनिया में ना हो लेकिन लोगों के मन में आज भी उनकी एक अच्छी छवि है। हरियाणा के अंबाला में जन्मीं सुषमा जी ने 52 दिनों के छोटे कार्यकाल के लिए दिल्ली की सीएम के रूप में काम किया। इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला थीं। । सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को पंजाब द्धअब हरियाणाऋ के अंबाला छावनी में एक ब्राह्मण परिवार में हरदेव शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी देवी के घर हुआ था।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 155920
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 242433
प्रति किलो



# एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ यूसीएफ परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये देगी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए जुटाई गई हो। शेष राशि का योगदान राज्य सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जाएगा।

# सोना और चांदी धड़ाम, दोनों धातुओं की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी खरीदारों के लिए बड़ा मौका है। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। सोना करीब 3 हजार रुपये तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी के दाम 16,700 रुपये कम हो गए हैं। ये लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट है। बुलियन मार्केट में हाजिर सोने का भाव 1.55 लाख रुपये/10 ग्राम से करीब 3,000 रुपये कम होकर 1.52 लाख रुपये/10 ग्राम रह गया है, ये भाव 24 कैरेट गोल्ड का है। दूसरी ओर चांदी के दाम 16 हजार रुपये से ज्यादा गिर गए हैं और इसका भाव 2,59,133 रुपये/किलो से अब 2,42,433 रुपये/किलो हो गया है।

शनिवार को दिल्ली के स्थानीय ज्वैलरी मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,920 रुपये/10 ग्राम के करीब चल रहा है, वहीं ज्वैलरी बनवाने वाले 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,940 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव, 1,55,650 से गिरकर 1,52,765 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। एक किलो चांदी का भाव 16,700 घटकर 2,42,433 हो गया है, जबकि पहले यह 2,59,133 के स्तर पर था। वायदा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

# चावल सस्ता, चीनी हुई महंगी दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गई। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार. चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमें वफादारी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: ओवैसी



वंदे मातरम् विवाद पर बोले ओवैसी बाबरी पर फैसला गलत था

**नई दिल्ली।** हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से एक न्यूज एजेंसी के साथ इंटरव्यू में देशभर की राजनीति, संसद सत्र और वंदे मातरम विवाद को लेकर कई बाते कहीं हैं। उन्होंने नो-कॉन्फिडेंस मोशन और लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन पर कहा कि न तो मुझसे पूछा गया और न ही मैंने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर साइन किया। प्रिविलेज मोशन में कुछ भी नहीं है और कुछ नहीं होगा।

उन्होंने वंदे मातरम विवाद पर कहा कि हमारा संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से नहीं, संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। क्या वे राष्ट्रगान खत्म करना चाहते हैं! मेरे धर्म की आजादी का क्या? हमें वफादारी के किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं है। मातरम विवाद संघ और बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कि जिस तरह से बीजेपी और आरएसएस देश को आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक धार्मिक देश बन जाएगा। असम सीएम हेमंता बिस्वा की वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि यह नरसंहार है। अगर मैंने वह वीडियो बनाया होता, तो सोचो देश में क्या होता, कोई उससे सवाल नहीं कर रहा, वह एक ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि अगर वह मियां है, तो उसे 2 रुपये कम दो। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। अब संभल, काशी, मथुरा, मध्य प्रदेश भी खुल गए हैं। जस्टिस जेएस वर्मा ने सही कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम है, लेकिन गलती न करने वाला नहीं है। ओवैसी ने योगी के बयान में

# कानपुर में कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को औषधि विभाग की ओर से छापेमारी में देवनगर के रहने वाले आरोपी सुमित केसरवानी के अनवरगंज स्थित मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में कोडीन कफ सिरप व अल्पराजोलम टैबलेट्स बरामद की गई थीं। आरोपी पर विभाग की ओर से एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवाइयों की खरीद-बिक्री संबंधी डिजिटल डाटा को डिलीट कर दिया था। संचालक द्वारा कई फर्जी फर्में बनाकर दवाइयों व कोडीन सिरप को जमकर बेचा गया। शहर में कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर दो दिनों पहले ही सारनाथ थाना पुलिस टीम ने कानपुर निवासी मुख्य अभियुक्त विनोद अग्रवाल की 5.18 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया था। इस मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि अब जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, उनसे पूछताछ के बाद इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानका. रियां दी हैं।

# अब यूपी में 25 साल पुराने मकान तोड़कर बनाए सकेंगे अपार्टमेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ यूपी में जर्जर सोसाइटी का होगा रीडेवलपमेंट
■ शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में 25 साल पुराने जर्जर भवनों और तीन साल से बंद पड़े उद्योगों को तोड़कर उनके स्थान पर हाउसिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने रास्ता साफ कर दिया है। सरकार ने इसके लिए शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत यह प्रोजेक्ट उन्ही मकान और भवन पर लागू होगा, जो 1500 वर्ग मीटर भूमि पर बने हुए होंगे। पहले प्राधिकरण की तरफ से उनका स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि मकान किस स्थिति तक जर्जर हो चुका है। मकान या भवन की स्थिति देखकर प्राधिकरण इसके रीडेवलपमेंट की अनुम. ति दे देगा। हालांकि एकल आवासीय या एकल भवन सरकार के इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे। विकास प्राधिकरणों की तरफ पुनर्विकास योजना का काम खुद करना होगा। सरकार के फैसले के मुता. बिक लीज पर आवंटित भूमि जैसे नजूल भूमि, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और अन्य शासकीय भूमि जिसके फ्री-होल्ड में परिवर्तन नहीं हुआ है, उन्हें भी ऐसे किसी योजना और प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। हालांकि तीन साल से बंद पड़े उद्योग और घाटे में चल रही इकाइयों पर हाउ. सिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने की अनुमति दी जा सकेगी। नॉन कन्फर्मिंग उद्योगों, , शासकीय, निगमों की खाली, कारागार, बस टर्मिनल, डिपो (बस स्टॉप छोड़कर) पर भी ये योजना लागू हो सकेगी। हाउसिंग सोसाइटी और रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी भी सरकार के इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्हें इसमें शामिल होने के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों को आवेदन देना होगा। हालांकि इसके लिए सोसाइटी के दो तिहाई सदस्यों की अनुमति आवश्यक है। अप्रूवल मिलने के 6 महीने के अंदर वहां रहने वालों से घर खाली कराना होगा और 1 साल के अंदर काम शुरू कराना होगा। शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत हो रहे निर्माण काम तो तीन साल के भीतर पूरा करना होगा, ऐसा नहीं होने पर दो साल का विस्तार दे दिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के 10-10 फीसदी मकान बनाने पर शेल्टर फीस में छूट दी जाएगी। इसके अलावा अगर कोई भवन तोड़ा जाता है, उसे फिर से नया बनाया जाता है, तो वहां रहने वालों को दूसरे स्थानों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी या किराया दिया जाएगा। भवन फिर से तैयार होने पर मकान के आवंटन पहले की ही तरह किए जाएंगे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है, तो लॉटरी सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

# मोदी ट्रंप ट्रेड डील के खिलाफ आप का प्रदर्शन

## समझौते की प्रतियां जलाकर आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए कथित ट्रेड डील को देश की संप्रभुता, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों पर सीधा हमला बताते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी ने ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर एक साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन



किया। इसी कड़ी में लखनऊ के स्वास्थ्य भवन चौराहे पर लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का कृषि बाजार अमेरिकी किसानों के लिए खोलकर देश के किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया है, इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे! यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है। नई ट्रेड डील के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा।

मोदी सरकार ने अमेरिकी दबाव में आकर भारतीय किसानों के डेथ वारंट पर साइन कर दिए हैं।देश के अन्नदाता के हितों का सौदा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आखिर किसकी जेब भरने के लिए यह सौदा किया गया। इस दौरान आप लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने ऑयल रिफाइनरीज को आदेश दिया है कि वह अब रूस से नहीं अमेरिका से तेल खरीदें। यह आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के बाद आया है। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से निवर्तमान महासचिव दिनेश पटेल,प्रितपाल सिंह सलूजा, फरजाना परवीन,सुरभि, प्रेरणा, रईसा, अभिषेक सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, प्रखर श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, तुषार श्रीवास्तव,ललित बाल्मीकि, अंकित परिहार,पीके बाजपेई, ज्ञान सिंह,बलराम साहनी, फुरकान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसंपर्क कर फार्म-7 के प्रति किया सतर्क

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/अयोध्या।** गोशाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी/प्रत्याशी चौ.लौटनराम निषाद ने रामपुर उपुवारी सेक्टर दलपतपुर, आलापुर, रामपुर पुवारी मांझा, ईशासराय, दामादरपुर, मांझा काजीपुर, काजीपुर रकौरा,रामपुर पुवारी उपरहार, नकटवारा, जरही आदि बूथों पर जनसंपर्क कर एसआईआर के सम्बन्ध में पार्टी समर्थकों व पदाधिकारियों से जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर से पशोपेश में फंसी भाजपा आरएसएस अब फार्म-7 के जरिए पीडीए विशेषकर मुस्लिम मतदाताओं का वोट कटवाने के षड्यंत्र में जुटी हुई है।

उन्होंने पार्टी समर्थकों, बीएलए व पदाधिकारियों से आग्रह किया कि बीएलओ के सम्पर्क में रहकर फार्म-7 के प्रति सतर्क रहना आवश्यक है। 6 जनवरी की ड्राफ्ट मतदाता सूची के बाद प्रत्येक विधान सभा में लगभग सभी पोलिंग बूथों पर नाम काटे व नाम जोड़े गये हैं।

काटे गये नाम, जोड़े गये नाम का घर-घर जाकर सत्यापन करवा लें। यदि किसी व्यक्ति का नाम गलत ढंग से कट गया है, या किसी गलत व्यक्ति का नाम जुड़ गया है। तत्काल लिखित शिकायत ईआरओ और जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी से करें। पकरैला सेक्टर के जोगापुर, राजापुर सरैया, जमुनीपुर, सुमेरपुर, पहापुर, सरैया, बनघुसरा, सिकंदरपुर,पकरैला में जनसंपर्क कर एसआईआर व फार्म-6 व फार्म-7 के सम्बन्ध में चर्चा किया और फार्म-7 के माध्यम से भाजपा पीडीए व मुस्लिम मतदाताओं का नाम काटने की जो साजिश की जा रही है,बीएलए के सम्पर्क में रहकर अपनों का वोट बचाने के लिए सावधान रहना आवश्यक है।

जनसंपर्क में समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव विजयबहादुर वर्मा, समाजवादी पिछड़ावर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव जगन्नाथ पाल, विकास पटेल, सिकंदर कन्नोजिया, जीतेन्द्र वर्मा,राकेश वर्मा, डा.रामू निषाद, झन्नूलाल प्रजापति, रामचेत विश्वकर्मा, आलोक वर्मा, रमापति यादव, मनोज वर्मा आदि शामिल रहे।

# बच्चों नें प्रशिक्षण में सीखे आत्मरक्षा के गुर

**शाह टाइम्स ब्यरो**

**लखनऊ।** शास्त्री मोंटेसरी स्कूल, राजेंद्र नगर, लखनऊ में आज गायत्री परिवार के कार्यकर्ता आयुष्मान श्रीवास्तव व रेखा मुकुल द्वारा विद्यार्थियों को आत्मरक्षा की तकनीक बताई गई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्यस शशी अग्रवाल, मीडिया प्रभारी विभोर कुमार, शिक्षकगण मिश्रीलाल, इंदिरा शर्मा, सिम्मी तिवारी, निर्मला गुप्ता व शकुंतला शुक्ला सहित कुछ अभिभावक भी उपस्थित रहे स वर्तमान परिख्रश्य को देखते हुए स्वयं के बचाव की विभिन्न तकनीकी बच्चों द्वारा सीख कर मॉकड्रिल की गई ताकि जरूरत पड़ने पर प्रयोग किया जा सके।



इस अवसर पर विद्यालय में नियमित होने वाली फिजिकल ट्रेनिंग व योगा भी बच्चों ने बड़े उत्साह पूर्वक आगंतुकों के समक्ष प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां एवं सराहना प्राप्त की तथा सभी ने पांच बार गायत्री मंत्र पूर्ण स्वर में बोला।

# मदरसा आलिया इरफानिया खिदमते कुरआन का एक रोशन मीनार: मौलाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** तहजीब के शहर लखनऊ के प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान मदरसा आलिया इरफ़ानिया, अब्दुल अजीज रोड, चौक, लखनऊ का 48वां सालाना दस्तारबंदी व पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही गरिमामय और भव्य वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसे के नाजिम व मोहतमिम कारी इम्तियाज अहमद प्रतापगढ़ी ने की।

मुख्य अतिथि के रूप में ईदगाह लखनऊ के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली तथा दारुल उलूम नदवतुल उलेमा के नाजिम-ए-आम मौलाना सैयद अम्मार हुसैनी नदवी ने शिरकत की। पहले सत्र में क़िराअत विभाग



से फ़ारिग़ होने वाले छात्रों और उस्तादों द्वारा क़ुरआन पाक की तिलावत का प्रदर्शन किया गया। सत्र का शुभारंभ मौलाना कारी साजिद हुसैन नदवी ने क़ुरआन पाक की तिलावत से किया। उस्तादों में कारी मोहम्मद अफरोज आलम इरफ़ानी, कारी मोहम्मद असद इरफ़ानी, कारी निसार अहमद और कारी इमरान अहमद रहमानी ने भी प्रभावशाली तिलावत पेश कर महफ़िल को रौशन कर दिया। दूसरा सत्र नमाज-ए-इशा के बाद पुरस्कार वितरण और दस्तारबंदी पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मदरसे के तराने से हुई, जिसे छात्र मोहम्मद मासूम और उनके साथियों ने प्रस्तुत किया। हिफ़्ज विभाग के दो छात्रोंख्रमोहम्मद अली (लखनऊ) और मोहम्मद मोहसिन (झारखंड) जिन्होंने एक बैठक में पूरा क़ुरआन सुनाने का सम्मान प्राप्त किया, उन्हें मोहतमिम की ओर से रईसुल क़ुर्रा कारी मुश्ताक अहमद प्रतापगढ़ी रह। अवॉर्ड, पांच-पांच हजार रुपये नगद और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अपने संबोधन में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा, ह्मदरसा आलिया इरफ़ानिया ख़िदमाते क़ुरआन का एक रौशन मीनार है। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों का यहां से शिक्षित होकर सम्मानित होना इस संस्थान की विशिष्ट पहचान है। उन्होंने मोहतमिम कारी इम्तियाज अहमद प्रतापगढ़ी को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संस्था निरंतर प्रगति कर रही है। मौलाना सैयद अम्मार हुसैनी नदवी ने अपने वक्तव्य में कहा कि क़ुरआन की सेवा और उसकी तालीम का प्रसार सबसे श्रेष्ठ कार्य है। संचालन की जिम्मेदारी मौलाना मोहम्मद अजहरुल इस्लाम नदवी और आसिम काकोरी ने निभाई। इस अवसर पर एजाज साहब, शहाबुद्दीन कुरैशी, अब्दुल वहीद, मौलाना मुश्ताक आदि मौजूद थे।

# असलहा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में थाना मान्धाता पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरजनपदीय अवैध असलहा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से छह नाजायज असलहे, दो मैगजीन, आठ जिदा कारतूस तथा एक ब्रेजा कार बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि शुक्रवार रात की गई कार्रवाई में एक अंतरजनपदीय और एक स्थानीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोहम्मद शाहबाज तथा अनिल मिश्रा के रूप में हुई है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी ब्रेजा कार में अवैध असलहे लेकर उनकी तस्करी व बिक्री के लिए जा रहे थे। पूछताछ में सामने आया है कि प्रत्येक असलहा आठ से दस हजार रुपये में बेचा जाता था। दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी है। मोहम्मद शाहबाज के खिलाफ प्रतापगढ़ और प्रयागराज जनपद के विभिन्न थानों में कुल आठ मुकदमे, जबकि अनिल मिश्रा के खिलाफ प्रतापगढ़ में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को प्रोत्साहन स्वरूप पुलिस अधीक्षक द्वारा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया गया है।

# सर्कुलर इकोनॉमी भविष्य की आवश्यकता: डा. तनेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में प्रबंधक विजय दयाल के संरक्षकत्व में रसायन शास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर नेहा अग्रवाल के संयोजकत्व में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन ब्रीजिंग डिसप्लींस थ्रू केमिकल साइंस फार ए सस्टेनेबल फ्यूचर-2026 हाईब्रिड मोड से आयोजित हुआ।

द्वितीय दिवस का प्रथम वर्चुअल सत्र डॉ नेहा अग्रवाल द्वारा संचालित हुआ इस सत्र में जर्मनी से प्रोफेसर मेरी गार्सन अध्यक्ष आई .पी.यू.ए.ने अपना व्याख्यान आनलाईन मोड से प्रस्तुत किया। द्वितीय प्लेनरी सत्र रहा जिसमें प्रमुख वक्ता डा अनिरुद्ध पाटिल, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय मुंबई,नेश स्ट्रक्चरल री इंजीनियरिंग आफ मीशो कंपोजिट मैटीरियल फार सेंसर एप्लिकेशनश विषय पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। प्रोद्म अजय विशेकर, डरबन साउथ अफीका ने श्री ज्यूविनेशन आफ सेलूलाज बेस्ड इंसुलेटिंग पेपर यूस्ड इन हाई वोल्टेज पावर ट्रांसफार्मरस श्पर अपने विचार रखे। प्रो विजय पारे पूर्व अध्यक्ष ए.सी. टी इंडिया माधव साइंस पी जी इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय से विदेशी छात्राएं कैरोलिना,डेंटल, अन्ना ईलाकेला बायो कुस्तोषो आदि ने पावर प्वाइंट से पेपर प्रेजेंट किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर अजय तनेजा कुलपति ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अनुज कुमार शर्मा डीन ए.के.टी.यू लखनऊ की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के अपने उद्बोधन में कहा कि सर्कुलर इकोनामी भविष्य के लिए आवश्यक है ।विशिष्ट अतिथि डॉ अनुज कुमार शर्मा ने स्टार्टअप पर जोर दिया और कहां पर स्टार्टअप नए-नए रोजगार पैदा करते हैं इससे बेरोजगारी कम होती है समापन सत्र में दो दिवसीय सेमिनार की पूर्ण रिपोर्ट सेमिनार संयोजिका असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ नेहा अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर देश विदेश के विषय विशेषज्ञ विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की सम्मानित प्रवक्ताएं शोध छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में आनलाईन आफलाईन उपस्थित रहे। द्वितीय दिवस के सभी सत्रों का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। समापन सत्र का संचालन डॉक्टर क्षितिज शुक्ला के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस टीम पर हमले का आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और मुंबई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नवी मुंबई में पुलिस टीम पर हमले के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी को मऊआईमा कस्बे से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मो-सुहैल , निवासी मानखुर्द गेवड़ी, मुंबई के रूप में हुई है। बताया गया है कि 31 जनवरी की रात नवी मुंबई के उल्वे इलाके में एंटी नारकोटिक्स ऑपरेशन के दौरान ड्रग्स कारोबार से जुड़े लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। हमलावरों ने तलवार, चाकू, हॉकी स्टिक और देसी कट्टों की बट से पुलिसकर्मियों पर वार किए थे। एक पुलिसकर्मी को बाइक से कुचलने का भी प्रयास किया गया था। इस संबंध में थाना उल्वे में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुंबई पुलिस को सूचना मिली थी कि वारदात में शामिल मो-सुहैल उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी एसटीएफ से संपर्क किया। एसटीएफ लखनऊ इकाई को इनपुट मिला कि आरोपी प्रयागराज के मऊआईमा क्षेत्र में किसी परिचत से मिलने आने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कुली मोर्चा ने रेल मंत्री से की मांग, जांच रिपोर्ट संसद के पटल पर रखी जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि रेल मंत्रालय द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट संसद के पटल पर रखी जाए।

यह जांच कुली/यात्री सहायक संवर्ग की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा के संबंध में की गई थी। राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव के अनुसार, रेल मंत्रालय ने 19जून2025 को सभी मंडल रेल प्रबंधकों को कुली / यात्री सहायकों के आजीविका ,सामाजिक सुरक्षा, एवं नौकरी के संबंध में जांच हेतु निर्देशित किया था, लेकिन अभी तक जांच की



प्रगति और रिपोर्ट के बारे में कोई सूचना उपलब्ध न तो राष्ट्रीय कुली मोर्चा के पदाधिकारी को की गई एवं न ही जिन सांसदों के पत्रों के आधार पर जांच करने के निर्देश दिए गए थे उन्हें ही इसके बारे में कोई सूचना से अवगत कराया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। बैटरी चालित वाहनों का संचालन रेलवे के निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाए। कुली/यात्री सहायक संवर्ग को वर्ष 2008 की भांति रेलवे की स्थाई सेवाओं में समायोजित करने की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की जाए। कुली/यात्री सहायक संवर्ग के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं, जिनमें बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा, परिवार हेतु आयुष्मान/उम्मीद कार्ड द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा, वर्दी, सुविधासम्पन्न विश्रामगृह एवं रेलवे पारिवारिक पास की सुविधा, और वृद्ध कुलियों के लिए पेंशन व्यवस्था शामिल हों।

### कौशांबी में ट्रैक्टर-पिकअप की भिड़ंत, दो की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह ट्रैक्टर और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत में पिकअप सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सराय अकिल निवासी मुस्तफा अपने साथी मंजूर हसन के साथ पिकअप वाहन से सिराथू की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे मंझनपुर-सिराथू मार्ग पर सेलरहा पश्चिम गांव के पास पहुंचे, सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई।

# यूपी के अफसरों के लिए 'कर्मयोगी' पोर्टल पर आपदा प्रबंधन का कोर्स हुआ अनिवार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जन-धन के नुकसान को कम करने के लिए राज्य सरकार ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया है।

राहत आयुक्त एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने इस संबंध में मुख्य सचिव और नियुक्ति विभाग को पत्र भेजकर जनपदीय अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। राहत आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों के निम्नलिखित अधिकारियों को भारत सरकार के कर्मयोगी पोर्टल पर उपलब्ध आपदा प्रबंधन कोर्सेस में भाग लेना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक मुख्य विकास अधिकारी एवं नगर आयुक्त ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी घ्अपर नगर आयुक्त, अपर पुलिस अधीक्षक एवं तहसीलदार घ्एक माह की समय सीमा तय किया हैं।राहत आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि इन अधिकारियों को कोर्स पूरा करने के बाद एक माह के भीतर अपना प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को उपलब्ध कराना होगा। साथ ही, इन पदों पर तैनात होने वाले नवनियुक्त अधिकारियों के लिए पद ग्रहण करने के पहले महीने के भीतर ही इन कोर्सेस को पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है। प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदा प्रबंधन योजना घ्बाढ़, वज्रपात (बिजली गिरना) और हीटवेव रिस्पॉन्स ट्रेनिंग घ्आपदा के दौरान संचार के विभिन्न साधनों का उपयोगघ् उत्तर प्रदेश में बाढ़, सर्पदंश, लू (ग्रीष्म लहर), शीतलहर और ओलावृष्टि जैसी आपदाओं का खतरा बना रहता है। कुशल आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन ट्रेनिंग बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बिजली नेटवर्क का निजीकरण क्यों: संघर्ष समिति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब सरकार और बिजली कर्मियों के सामूहिक प्रयास से हजारों करोड़ रुपये खर्च कर बिजली वितरण नेटवर्क को मजबूत और सक्षम बनाया गया है,

तो ऐसी स्थिति में उसे निजी हाथों में सौंपने का औचित्य क्या है? वर्ष 2017 में लगभग 41 प्रतिशत रही एटीएंडसी हानियां घटकर अब लगभग 15 प्रतिशत तक आ गई हैं। इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसमिशन एवं वितरण तंत्र को व्यापक रूप से मजबूत किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना के तहत प्रदेश में लाखों उपभोक्ताओं, विशेषकर किसानों और ग्रामीण परिवारों को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। इन योजनाओं के कारण प्रदेश का विद्युत तंत्र पहले की तुलना में कहीं अधिक सक्षम और स्थिर हुआ है। संघर्ष समिति ने वर्ष 2026-27 के बजट में विद्युत क्षेत्र के सुधार हेतु 65,926 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीख्रत किए जाने पर मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार व्यक्त किया है।

संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि जब आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इतनी बड़ी राशि नेटवर्क सुधार और सुख्रढ़ीकरण के लिए उपलब्ध कराई गई है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। जिसमें सरकारी धन से हजारों करोड़ रुपये निवेश कर व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए और उसके बाद उसे निजी घरानों को सौंप दिया जाए। आज अवकाश के दिन भी प्रदेश भर में बिजली कर्मियों न जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया तथा निजीकरण के विरुद्ध चल रहे।

# वैलेंटाइन डे पर पूल-इन ने प्रतिभा और संगीत का खूबसूरत मंच सजाया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस वैलेंटाइन डे पर लखनऊ के हुसैनाबाद फूड कोर्ट में एक संगीतमय शाम का आयोजन किया गया,

जिसने संगीत प्रेमियों और कलाकारों को एक साथ लाकर प्रतिभा, मनोरंजन और सार्थक जुड़ाव का उत्सव मनाया गया। इस शाम का मुख्य आकर्षण तलब और ट्राइडेंट बैंड की विशेष लाइव प्रस्तुति रही, जिसमें कलाकार हर्षदीप और राजीव ने रोमांटिक बॉलीवुड और सूफी अंदाज के लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। दर्शकों ने सदाबहार प्रेम गीतों और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियों का आनंद लिया, जिसने पूरे माहौल को गर्मजोशी और मोहब्बत की भावना से सराबोर कर दिया। इस लाइव संगीत की शाम के साथ-साथ एंकर द्वारा संचालित हल्के-फुल्के इंटरैक्टिव सेगमेंट्स भी शामिल रहे, जिन्होंने दर्शकों की भागीदारी बढ़ाई और पूरे कार्यक्रम में उत्साह और जुड़ाव का माहौल बनाए रखा।

लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स

में समाचारों एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिये सम्पर्क करें।

नोट: इच्छुक पत्रकार-शाह टाइम्स में विज्ञापन प्रतिनिधि एवं संवाददाता के रूप में कार्य करने के लिए संपर्क करें।

मौहम्मद जान तुर्की,
ब्यूरो चीफ लखनऊ

कार्यालय: 21, शाह टावर, स्टेशन रोड लखनऊ, उ0प्र0।
Mob. 8630533498
E-mail: shahtimeslko313@rediffmail.com

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कांवड़ियों के बीच युवक पर हमला, फायरिंग से हड़कम्प

## शादी से लौटे युवकों पर लाठी-डंडो से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** थाना क्षेत्र के गांव छज्जुपुरा माफी में शुक्रवार रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कांवड़ियों के बीच खड़े युवकों पर दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। फायरिंग होने से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे।

गांव छज्जुपुरा माफी निवासी निखिल कुमार पुत्र ऋषिपाल सिंह अपने साथी प्रयांशु व जितेंद्र के साथ विजय पैलेस में शादी समारोह से लौटकर गांव आए थे। देर रात करीब 10 बजे वह गांव में पवित के मकान पर कांवड़ियों से मिलने और प्रसाद लेने के लिए रुके थे। इसी दौरान अंकुल निवासी दौराला का फोन आया, जिसने वहां से तुरंत निकलने को कहा। फोन पर बात ही हो रही थी कि तभी सुशील, हर्ष, अनिल, आदित्य उर्फ मटन निवासी ग्राम कुआंखेड़ा, अंकुल निवासी दौराला तथा मनचाहत और कुणाल वहां आ पहुंचे और निखिल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। प्रयांशु ने बचाने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर दिया गया। मौके पर मौजूद कांवड़ियों और ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया तो खुद को घिरता देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित निखिल ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने बताया कि सुशील पुत्र मुनिराज, हर्ष पुत्र अनिल, अनिल पुत्र वीर सिंह, आदित्य उर्फ मटन पुत्र रामवीर निवासी ग्राम कुआंखेड़ा, अंकुल पुत्र सहदेव निवासी ग्राम दौराला, मनचाहत और कुणाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## विवाहिता से मारपीट, पति समेत कई पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** थाना मण्डी धनौरा क्षेत्र के गांव पहाड़पुर इनायत में एक विवाहिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव की रहने वाली वर्षा सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 12 दिसंबर 2025 को रोहित पुत्र जगदीश निवासी गांव मुंदापुरा, थाना चांदपुर, जिला बिजनौर से हुई थी। शादी के बाद उसका पति रोहित उसके मायके में ही रहकर मेडिकल की दुकान चलाता था। वर्षा का कहना है कि 13 फरवरी की शाम उसके पति रोहित और गांव के ही कुछ लोग मूर्ति पत्नी तेजपाल, समुन्दर पुत्र तेजपाल, निरेश पुत्री तेजपाल और रुबी पत्नी जोगेन्द्र ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# ट्रेड डील के खिलाफ आप ने खोला मोर्चा, जलाईं प्रतियां



## किसानों के हक में सड़क पर उतरी आप, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** आम आदमी पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई कथित ट्रेड डील पर गहरी आपत्ति जताते हुए इसे देशहित के विरुद्ध करार दिया। कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष कुशल चौधरी व जिला प्रभारी मौहम्मद आमिर के नेतृत्व में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं का कहना है कि इस ट्रेड डील की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दूरगामी प्रभावों को लेकर न तो संसद को विश्वास में लिया गया है और न ही देश की जनता के सामने पारदर्शिता बरती गई है। ऐसे में यह समझौता कई गंभीर सवाल खड़े करता है। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि इस डील के तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा, जबकि भारत अमेरिकी उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैक्स वसूलेगा। सबसे गंभीर चिंता कृषि क्षेत्र को लेकर जताई गई है। उनका कहना है कि अमेरिकी किसानों को जहां लाखों रुपये तक की सब्सिडी मिलती है, वहीं भारतीय किसान पहले से ही लागत और बाजार की मार झेल रहा है। ऐसे में भारतीय कृषि बाजार को विदेशी उत्पादों के लिए खोलना छोटे किसानों की आजीविका पर सीधा प्रहार साबित हो सकता है। कार्यकर्ताओं ने मोदी-ट्रंप ट्रेड डील की प्रतियां जलाकर जनआक्रोश दर्ज कराया और राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस ट्रेड डील को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए ताकि देश के करोड़ों किसानों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर प्रांतीय कमेटी सदस्य अमर सिंह खागी, रियाज अहमद, कविता कांत, हारीस मंसूरी, मुरारी लाल, सुरेंद्र सिंह, सचिन धारीवाल, शावेज खान, विजय पाल सिंह, हुकुम सिंह, हरचरण सिंह, अमर सिंह फौजी, विपिन चौधरी, सोमपाल चौहान, जफर मेहंदी, रविकांत, अजीम अहमद, रवि राणा, सुनील, निशांत खागी, नफीस अहमद, डॉक्टर शादाब, कलुआ, शुभव और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# वैलेंटाइन डे के कार्यक्रम में दिखा बच्चों व माताओं का स्नेह

**नोबल पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के नोबल पब्लिक स्कूल में बच्चों एवं माताओं के साथ 'वैलेंटाइन डे' का कार्यक्रम उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में बच्चों के मनमोहक नृत्य, गीत, कविताएँ तथा सुंदर नाटिकाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तो वहीं बच्चों के साथ-साथ माताओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मनोरंजक खेलों में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, पेपर क्राफ्ट डिजाइनों एवं आकर्षक सजावट से सुंदर रूप से सजाया गया। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण 'पैरेंट्स-चाइल्ड जोड़ी प्रतियोगिता' रही। प्रधानाचार्या श्रीमती नवनीत उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रेम, स्नेह और पारिवारिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्या तोशिमा शर्मा, जया लक्ष्मी पाण्डेय, शालिनी सिंह, सोनम, सपना सिंघल, ज्योति खंडूरी, प्रीती शर्मा, नैंसी, काजल, अनवर, लवीराज, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।



# घर में युवती को अकेली देख छेड़छाड़, किया घायल

## पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** घर में अकेली युवती को देखकर एक युवक ने छेड़छाड़ की। युवती ने विरोध किया तो उसे धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार यह मामला चौपला चौकी क्षेत्र से जुड़े एक मुहल्ले का है। शनिवार को एक युवती घर पर अकेली थी कि तभी मौका पाकर एक युवक आ धमका और उसे बुरी नीयत से दबोच लिया। युवती ने विरोध किया तो उसके हाथ पर धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी वहां से भाग गया। पीड़िता ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के निर्देश

## डीएम ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स द्वारा शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और थाना हसनपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इसके साथ उनके द्वारा थाना हसनपुर में आयोजित थाना समाधान दिवस में जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को उचित और गुणात्तापरक निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जिला अधिकारी द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय की ओपीडी सेवायें, एनबीएसयू, आईपीडी, फार्मेसी, टीबी यूनिट, औषधि वितरण कक्ष, एक्स-रे कक्ष, लैब कक्ष, लैबर रूम एवं इमरजेंसी के साथ साथ कोल्ड चैन का भी निरीक्षण किया गया।



जिलाधिकारी ने लैब में मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि मरीजों की जांच रिपोर्ट्स, लैब टेस्ट आदि को उनके आभा आईडी से लिंक किया जाये। संस्थागत प्रसवों की समीक्षा करते हुए संख्या बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि स्टाफ नर्स-वार डिलीवरी की मॉनिटरिंग की जाये। इस माह होने वाली डिलीवरी के लिए आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम द्वारा नियमित मॉनिटरिंग, डिलीवरी पहले संपर्क तथा सरकारी अस्पताल में संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं उनके तीमारदारों से मिलकर सुविधाओं की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी श्री हिमांशु उपाध्याय, पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ध्रुवेन्द्र सिंह, डॉ ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ अंजू सिंह, डॉ प्रियंका, डॉ हुमेरा खान एवं मनोज कुमार फार्मेसिस्ट आदि उपस्थित रहे।

# जयमाला में अभद्र टिप्पणी का विरोध बना खूनी संघर्ष

## कई बारातियों के सिर फोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहेरे भाई की बारात में शामिल होने आए युवकों के साथ जयमाला कार्यक्रम के दौरान अभद्र टिप्पणी का विरोध करना भारी पड़ गया। ग्राम पंजू सराय थाना नौगावां सादात निवासी देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 फरवरी की शाम वह अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ तहेरे भाई रवि की बारात में शामिल होने ग्राम झुण्डपुरा आया था। शाम को जयमाला के समय गांव झुण्डपुरा के कुछ युवकों ने अभद्र टिप्पणियां शुरू कर दीं। विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए युवकों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है कि अनुज, ऋतिक, अमित, ओमदत्त, सचिन, नितिन सहित कुछ अज्ञात युवकों ने देवेन्द्र सिंह व आकाश पुत्र विजेन्द्र सिंह समेत अन्य बारातियों पर सिर में वार किए, जिससे देवेन्द्र व आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद जब बाराती गांव से निकलने लगे तो रास्ते में फिर से रोककर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सुरक्षित निकलवाकर मेडिकल कराया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

# आजमीने हज का हुआ टीकाकरण



## जनपद से 483 लोग जायेंगे इस बार हज पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** हज पर जाने वाले आजमीने हज का टीकाकरण कराया गया। शनिवार को हज 2026 के हज का टीकाकरण अमरोहा शहर में कराया गया। हज 2026 में जनपद से जाने वाले सभी हाजियो का टीकाकरण कराया गया। जिसमे हाजियो के स्वस्थ को लेकर हाजियो के वेकसीन और पोलियो ड्राप और ब्लड से सम्बंधित जांच कराई गयी। जिसमे अल्पसंख्यक अधिकारी नौशाद हुसैन और हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद वसीम, मोहम्मद शारिक अली, इरशाद अहमद, नोमान अली मौजूद रहे जिसमे जिले के 483 हाजियो का टीकाकरण होना था। इस बार जिला अमरोहा से 483 हाजी हज को जाएंगे। इस दौरान हज पर जाने वाले आजमीने हज को मक्का मदीना के बारे में जानकारी भी दी गई। बताया गया कि मक्का मदीना में किस तरह से वहां के हुकूक को अदा किया जाता है। टीका लगवाने वालों में अब्दुल वहाब. फुरकान अहमद. गयूर खां आदि मौजूद रहे।

# धनौरा में शिवभक्तों की सेवा के लिए विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** फरवरी माह में चल रही कांवड़ यात्रा के चलते क्षेत्र में जगह-जगह शिवभक्तों की सेवा के लिए भंडारों का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में रामगंगा पोषक नहर के पास मा० चुन्नी सिंह सेवा संस्थान मलेशिया की ओर से छठा विशाल भंडारा लगाया गया। इसमें हरिद्वार से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का पूरे श्रद्धा भाव से स्वागत किया गया।

भंडारे में नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने शिवभक्तों का स्वागत किया और स्वयं सेवा करते हुए श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना पुण्य का काम है और ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा और सहयोग की भावना बढ़ाते हैं। भंडारे में कांवड़ियों के विश्राम की अच्छी व्यवस्था की गई थी। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग स्नान की सुविधा भी रखी गई, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। दिनभर बड़ी संख्या में शिवभक्त भंडारे में पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हितेश यादव एमडी (अभिप्योर मसाले), ग्राम प्रधान मलेशिया हरीश कुमार यादव, ओंकार सिंह, डॉ. सोमकार सिंह, अतुल, पीतम यादव, योगेन्द्र यादव, मून यादव, पुरु सहित कई लोग मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे भंडारे कांवड़ यात्रा को सुचारु और सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं



# चार अवैध अस्पतालों को किया सील

## स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** जनपद में अवैध रूप से संचालित हो रहे निजी अस्पतालों और क्लीनिकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को छापेमारी की है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉव योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने हसनपुर के सैदनगली और ढक्का मोड़ क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी कर चार अस्पतालों को सील कर दिया। छापेमारी के दौरान नोडल अधिकारी डॉ. विशाल त्रिवेदी और सीएचसी प्रभारी डॉ. ध्रुवेंद्र सिंह की मौजूदगी में अभिलेखों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि ये अस्पताल बिना किसी वैध पंजीकरण और मानकों के मरीजों का उपचार कर रहे थे। स्वास्थ्य विभाग की इस औचक कार्रवाई से अवैध अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया और कई संचालक क्लीनिक छोड़कर फरार हो गये। सीलिंग की कार्रवाई के दौरान सैदनंगली स्थित आशीर्वाद दत्ता बाल क्लीनिक, मेरठ हेल्थ केयर सेंटर और नव्या किलकारी बाल क्लीनिक को तत्काल बंद कर दिया गया। इसके अलावा, ढक्का मोड़ पर संचालित सिमरन नर्सिंग होम पर भी ताला जड़ दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉव योगेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में जनता की जान से खिलवाड़ करने वाले किसी भी फर्जी अस्पताल को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा बिना रजिस्ट्रेशन और तकनीकी योग्यता के चल रहे चिकित्सा संस्थानों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। सभी अस्पताल संचालकों को मानकों का पालन करना अनिवार्य है। इस कार्रवाई के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

## मीट की दुकानों को तिरपाल से ढकवाया

**मुजफ्फरनगर।** महाशिवरात्रि पर्व पर ऐहतियात बरतते हुए जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर पड़ने वाली सभी मीट की दुकानों को तिरपाल (पन्नियो) से ढकवा दिया है। अफसर ने दूरदर्शिता भरा कदम उठाते शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने के लिए यह कार्यवाही की है।महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार की हर की पौड़ी से गंगाजल लेकर दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की ओर जाने वाले शिव भक्त कांवड़िए मुजफ्फरनगर जिले से होकर गुजरते हैं। इसी मार्ग पर शहर का मीनाक्षी चौक नॉन वेज हब कांवड़ मार्ग के बीच में स्थित है यहां मीट की दुकानों को ढका गया है, हालांकि अधिकतर होटल स्वामियों ने खुद ही होटल में भी पर्दे लगाने शुरू कर दिए थे। उन्होंने कहा, ष्हमारा मकसद यह है कि शिवरात्रि नजदीक है, कांवड़ यात्रा भी चल रही है।

# पूर्व विधायक ने किया पथ प्रकाश व्यवस्था का शुभारंभ

**गजरौला।** नगर पालिका चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा के पति एवं नगर स्वच्छता प्रेरक/ पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने नगर के चौपला से अल्लीपुर भूड़ तक 48 लाख रूपये की लागत से निर्मित पथ प्रकाश व्यवस्था का शुभारंभ किया। यहां पर साठ खंबे व फैंसी लाइटें लगाई गईं हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व विधायक ने कहा कि नगर के समुचित विकास के लिए सतत प्रयासरत हैं। चौपला से अल्लीपुर भूड़ तक हुई पथ प्रकाश व्यवस्था से लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। बताया कि जहां जहां पर भी आवश्यकता है, वहां पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कहा कि पथ प्रकाश शहर की प्रमुख जरूरत है, जिसके लिए पालिका बोर्ड पूरी तरह से प्रयत्नशील है। इस मौके पर नगर पालिका के सभासद चंद्रपाल सिंह, सुभाष कुमार, चरन सिंह, अरकान आलम, बीपी सिंह, नफीस अहमद, फुरकान अहमद, विरेन्द्र यादव, राजू यादव, विनोद गुर्जर, रामरतन सिंह, कपिल रावत, सुरेश मौर्य, ठेकेदार विरेन्द्र देवल, लखपत सिंह आदि मौजूद रहे।



## सनसवीर बालियान 522 मत पाकर निर्वाचित

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ उपाध्यक्ष के दो पद पर राधेश्याम त्यागी 628 तथा सनसवीर बालियान 522 मत पाकर निर्वाचित हुए जबकि अब्दुल हक को 493, देवेंद्र कुमार केल को 455, शोकेंद्र कुमार को 428 ,संदीप कुमार डबास को 486 एवं स्वर्ण सिंह को 257 वोट मिली।उपाध्यक्ष के दो पद पर अमित मैनी 857 वोट तथा अमित भारद्वाज 555 वोट पाकर निर्वाचित हुए । कृष्ण पाल 290, नीरज कुमार 235 ,मोहम्मद गुलबहार त्यागी 482 ,मोहम्मद यासीन 329 व सुरेंद्र चौधरी 471 वोट पाकर रह गए। सह सचिव के तीन पदों पर गीता रानी 865, निशा रानी 689 व मोहम्मद ताजीम 723 वोट पाकर चुने गए। जुबेर त्यागी 597, पंकज कुमार 259, मीनाक्षी द्विवेदी 574, राजीव कुमार सिंघल 417, शांतनु पुंडीर 551 वोट ही बटोर सके। वरिष्ठ सदस्य हेतु शशि प्रभा, जय कुमार नायडू, तरुण सौदे, दीपक कुमार धीमान, प्रशांत कुमार राजा व मुस्तकीम अली चुने गए जबकि कनिष्ठ सदस्य पद पर मोहम्मद ताहिर राव, शिखा चौधरी, नितिन कुमार राठी, प्रभात बालियान, कमरूना गौर एवं प्रिंस गोलियान चुने गए हैं।

# हर-हर महादेव जयघोष से आस्था में डूबा शहर

## जलाभिषेक की तैयारियों को शिवालियों में की गई सुन्दर सजावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां जोरों पर है इसी के साथ शहर में जल लेकर पहुंचे शिव भक्तों के सैलाब से वातावरण भक्तिमय हो उठा है। महाशिवरात्रि पर्व रविवार को मनाया जाएगा जिसके चलते प्रमुख शिवालयों से लेकर मोहल्लों में स्थित छोटे-बड़े मंदिरों तक विशेष सजावट की गई है। मंदिर परिसरों में रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक झांकियों से को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शहर के हृदय स्थल शिव

चौक पर भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। यहां भगवान आशुतोष का श्रृंगार प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी अत्यंत भव्य और मनमोहक ढंग से किया गया।

कांवड़ यात्रा के चलते शहर का मुख्य मार्ग पूरी तरह शिवमय नजर आया। रुड़की रोड से लेकर रामपुर तिराहा और शहर से होकर गुजरने वाली जीटी रोड तक कांवड़ियों की भारी आवाजाही रही।मंदिर समितियों द्वारा दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिनमें पेयजल, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था शामिल है।

इधर, कांवड़िए गंगाजल लेकर शहर-हर महादेवश और 'बम-बम भोले' के जयघोष के साथ अपने-अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। भगवा वस्त्रों में सजे शिव भक्तों की टोलियां श्रद्धा और अनुशासन के साथ यात्रा कर रही थी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। फूलों, रोशनी और विशेष अलंकरण से सजे शिवलिंग के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। शिव चौक पर प्रातः काल से ही जलाभिषेक का सिलसिला आरंभ होजाएगा, जो देर रात तक जारी रहेगा। शहर के विभिन्न मोहल्लों नई मंडी, गांधी कॉलोनी, कूकड़ा रोड, जनकपुरी, प्रेमपुरी और अन्य क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में भी दिनभर तैयारियों का दौर चलता रहा। मंदिर प्रबंधन समितियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने मिलकर साफ-सफाई, सजावट और प्रकाश व्यवस्था को अंतिम रूप दिया। जिला प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## पुलवामा हमले के शहीदों को नमन

**मुजफ्फरनगर।** पुलवामा में हुए हमले में देश के लिए शहीद हुए बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तुलसी पार्क में भारती के वीर सपूतों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष देशराज चौहान, जिला महामंत्री अभिषेक गर्ग, नगर अध्यक्ष गिरीजेश विश्वकर्मा, नगर मंत्री संदीप धीमान, पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष अंकित राजपूत, ब्लॉक महामंत्री मिथुन कल्याण, सदर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण वर्मा, ब्लॉक महामंत्री अनमोल राजपूत,जगमोहन धीमान, पारस पांचाल, शोभित दीक्षित, कार्तिक, ऋतिक कल्याण, अक्षय कुमार, ऋषभ पाल, अंशुमन वर्मा, हिमांशु प्रजापति, विशेष शर्मा, आदित्य शर्मा रहे।

# भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 16 से 28 फरवरी तक सजेगा

## पूर्वांचल व तराई क्षेत्र के आठ जिलों में किया जाएगा आयोजन

### 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम पर 15 से सजेगा कालिजर महोत्सव: जयवीर सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को नई मजबूती देने के उद्देश्य से भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और तराई क्षेत्र के आठ जिलों में किया जाएगा। 13 दिनों तक चलने वाला यह महोत्सव कला, संस्कृति और लोक परंपराओं के माध्यम से दोनों देशों के बीच भाईचारे का संदेश देगा। महोत्सव की शुरुआत 16-17 फरवरी को कुशीनगर से होगी।

इसके बाद 18-19 फरवरी को सि(ार्थनगर, 20 फरवरी को महाराजगंज, 21 फरवरी को बलरामपुर, 22 फरवरी को श्रावस्ती, 24 फरवरी को बहराइच, 26 फरवरी को लखीमपुर खीरी तथा 27-28 फरवरी को पीलीभीत में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह महोत्सव दोनों देशों की साझा विरासत, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कलाकारों की प्रस्तुतियों के माध्यम से आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा। महोत्सव में भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा, कवि सम्मेलन, संगोष्ठियां और भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंधों पर विशेष परिचर्चाएं होंगी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना की प्रदर्शनी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी, जिसमें स्थानीय हस्तशिल्प और उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। चित्रकला, रंगोली प्रदर्शनियों के साथ-साथ विद्यालयों और महाविद्यालयों के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग तथा संबंधित जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस महोत्सव में सहभागिता कर भारत-नेपाल की मित्रता और सांस्कृतिक एकता के इस उत्सव का हिस्सा बनें।

वहीं बुंदेलखंड के बांदा जिले की ऐतिहासिक धरती पर 15 से 17 फरवरी तक तीन दिवसीय कालिजर महोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम पर आधारित यह सांस्कृतिक महासंगम जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में कटरा कालिजर मेला ग्राउंड में आयोजित होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव में बुंदेली लोकनृत्य, आल्हा गायन, भजन एवं लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को मंच प्रदान करेंगी। तीन दिवसीय आयोजन में 'बांदा गॉट टैलेंट' के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जबकि 'आज की शाम कालिजर के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत खिलाड़ी, कलाकार और गायक अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। महोत्सव के तहत मंडलीय सरस मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी और विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे। सम्मेलन एवं गोष्ठियों का भी आयोजन होगा। अपर मुख्य सचिव (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य) अमृत अभिजात ने कहा कि कालिजर महोत्सव बुंदेलखंड की ऐतिहासिक चेतना और जनभागीदारी का सशक्त उत्सव है। उन्होंने उल्लेख किया कि गणतंत्र दिवस की झांकी में भी कालिजर किला को प्रमुखता दी गई थी, जिससे इसकी वैश्विक पहचान को नई ऊंचाई मिली है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन पर्यटन संवर्धन, स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# शंकराचार्य की नियुक्ति न, तो सरकार करती है और न ही देश का कानून: राय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर चल रहे विवाद पर कहा कि शंकराचार्य की नियुक्ति न तो उत्तर प्रदेश सरकार करती है और न ही देश का कोई कानून। यह नियुक्ति सनातन परंपरा और धार्मिक प्रक्रिया के तहत होती है।

श्री राय ने शनिवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शंकराचार्य के संबंध में दिया गया बयान दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में पहले अपमान कराया गया और फिर विधानसभा में भी खुलकर अपमान किया गया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि शंकराचार्य की नियुक्ति किसी मुख्यमंत्री द्वारा नहीं की गई है। सनातन धर्म की अपनी परंपरा है। उनकी नियुक्ति किसने की है। माघ मेले का जिक्र करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिस तरह संतों के साथ पुलिस और प्रशासन ने व्यवहार किया, वह निदनीय है। संतों की चोटियां नोची गईं, मारपीट की गई। यह कानून का हनन करने वाली सरकार है। वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति तोड़े जाने के मामले में अजय राय ने कहा कि यह कोई एआई से बना वीडियो नहीं था, बल्कि वास्तविक घटना थी। उन्होंने कहा कि अगर वह वीडियो एआई से बना साबित हो जाए तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्रधानमंत्री ने स्वयं शंकराचार्य से आशीर्वाद लिया था और इसका वीडियो भी मौजूद है। केंद्र सरकार की अमेरिका के साथ हुई व्यापारिक डील पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उनका आरोप था कि इस समझौते से देश का किसान प्रभावित होगा। हम किसान अधिकार संवाद अभियान के तहत 75 जिलों में यात्रा कर चुके हैं और जनता के बीच इस मुद्दे को लेकर जाएंगे। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर निशाना साधते हुए अजय राय ने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था शून्य है।

## चंदौली में बाइक दीवार से टकराई एक की मौत, एक गंभीर

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश में चंदौली जिले के सकलडीहा-कमालपुर मार्ग पर डेढ़ावल गांव के समीप शनिवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक के दीवार से टकराने से उसमे सवार एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार कमालपुर से सकलडीहा की ओर आ रहे थे। बाइक रफ्तार तेज होने के कारण डेढ़ावल गांव के पास अनियंत्रित होकर घर की दीवार से टकरा गई। इस दुर्घटना के बाद बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया- जिसको सकलडीहा सीएससी केंद्र में भर्ती कराया गया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक किशोर की पहचान धीना इलाके के बेटाडीह गांव निवासी अमन गुप्ता व घायल युवक की पहचान धीरज कुमार के रूप में हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### वृद्ध की हत्या, पत्नी हिरासत में

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुल्तानपुर जिले के कुड़वार थानाक्षेत्र स्थित मीरापुर गांव में शनिवार को एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राम तेज के रूप में हुई है। उनका शव घर के पीछे बाउंड्रीवॉल के पास खून से लथपथ मिला। इस हत्या के मामले में पुलिस ने पत्नी को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कुड़वार थानाक्षेत्र स्थित मीरापुर गांव निवासी राम तेज अपने घर में अकेले रहते थे। उनकी बेटी की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। शनिवार सुबह कुछ ग्रामीणों ने घर के पीछे खून फैला देखा, जिसके बाद राम तेज का शव बरामद हुआ। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कुड़वार पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित किया। पुलिस ने शव के पास से एक ईंट और एक कुल्हाड़ी बरामद की है। आशंका है कि इन्हीं हथियारों से बुजुर्ग पर हमला किया गया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि घटना के समय घर में कौन-कौन मौजूद था और क्या कोई पारिवारिक विवाद था। क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि पीआरवी को सूचना मिली थी कि 65 वर्षीय राम तेज कोरी आज घर से बाहर नहीं निकले हैं और दरवाजा अंदर से बंद है। पीआरवी टीम ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया, जहां राम तेज कोरी मृत अवस्था में पाए गए। उन्होंने बताया कि राम तेज कोरी ने पिछले साल एक 45 वर्षीय महिला को अपनी पत्नी के रूप में रखा था, जो सड़कों पर घूमती रहती थी। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### घर में रखे पटाखों में विस्फोट, बुजुर्ग महिला की मौत, तीन गंभीर

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के सलोन तहसील अंतर्गत साहिबगंज इलाके में घर के अंदर रखे पटाखों में हुए जोरदार विस्फोट से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने शनिवार को बताया कि साहिबगंज बाजार में देर रात एक मकान के भीतर रखे पटाखों में अचानक विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई। हादसे में फिरोज नामक व्यक्ति की बुजुर्ग मां की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। एक अन्य घायल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार करहिया बाजार चौकी क्षेत्र अंतर्गत साहिबगंज में घायल फिरोज पटाखों का लाइसेंसधारक है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि लाइसेंस होने के बावजूद घर के अंदर विस्फोटक सामग्री का अवैध भंडारण किया गया था। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। लाइसेंस शर्तों और विस्फोटक भंडारण से जुड़े नियमों की पड़ताल की जा रही है तथा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### महाशिवरात्रि पर प्रयागराज में निकलेगी भव्य शिव बारात

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार 15 फरवरी को प्रयागराज की 25 वर्ष पुरानी संस्था श्री शिव पूजा मानस समिति की ओर से भव्य शिव बारात शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 15 और 16 फरवरी को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के महामंत्री बृजराज तिवारी अन्नू ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक मंगलवार घर-घर निष्शुल्क सुंदरकांड का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा हर वर्ष महाशिवरात्रि पर शिव बारात और भजन संध्या आयोजित की जाती है। इस वर्ष रजत जयंती होने के कारण आयोजन को विशेष रूप से भव्य बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस बार शिव बारात कटरा परेड मैदान से निकाली जाएगी, जिसमें आकर्षक चौकियां और भव्य झांकियां शामिल होंगी। सजे-धजे रथों पर भगवान शिव के गणों की झलक दिखाई देगी। बैंड-बाजे के साथ यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनष् कटरा परेड मैदान में संपन्न होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 16 फरवरी को प्रसिद्ध भजन गायक पंडित सुधीर व्यास द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही नई दिल्ली के मोंटी नटराजन ग्रुप द्वारा भव्य झांकियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। समिति ने बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। आयोजकों के अनुसार रजत जयंती वर्ष के इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### मनरेगा को मूल स्वरूप में बहाल कराने के लिए संघर्ष करेगी कांग्रेस: रोशन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में कांग्रेस ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने के लिए पार्टी सड़क से संसद तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी। शनिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला, दलित और पिछड़ा वर्ग सरकार की नीतियों से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि 20 वर्ष पूर्व यूपीए-1 सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त किया गया था। कोविड-19 महामारी के दौरान यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुआ। रोशन ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार इस कानून को कमजोर कर समाप्त करने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक मनरेगा को पूरी तरह उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ' अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि भाजपा के कथित मजदूर विरोधीष नियमों के विरोध में कांग्रेस ने 3 जनवरी से देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया है। पिछले एक महीने में प्रदेशभर में 5000 से अधिक 'मनरेगा बचाओ चौपाल' आयोजित की जा चुकी हैं तथा 13 फरवरी को सभी 75 जनपदों में पदयात्रा निकाली गई। रोशन ने कहा कि आंदोलन के दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव किया जाएगा।

# रंजिश के चलते युवक की घर में घुसकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के पाली क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते शनिवार सुबह दिनदहाड़े एक युवक की घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान विजय प्रकाश (36) के रूप में हुई है, जो मथुरा औद्योगिक क्षेत्र में तैनात सेल्स टैक्स के डिप्टी कमिश्नर रावेंद्र कुमार राठौर के छोटे भाई बताए जा रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के मुडरामऊ गांव निवासी विजय सुबह करीब सात बजे घर के बाहर खड़े थे, तभी गांव के महावीर और समरपाल अपने चार-पांच साथियों के साथ पहुंचे और अचानक हमला कर दिया। जान बचाने के लिए विजय घर के अंदर भागे, लेकिन हमलावर भी पीछे-पीछे घुस गए और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। हमलावर उन्हें मृत समझकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद परिजन गंभीर रूप से घायल विजय को पाली से हरदोई मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि करीब दो वर्ष पूर्व इन्हीं आरोपियों ने विजय के पिता दयाराम की भी हत्या की थी। उस मामले में आरोपी जेल गए थे, लेकिन लगभग एक वर्ष पूर्व जमानत पर रिहा हो गए थे। परिवार का कहना है कि गांव में गैस एजेंसी को लेकर भी विवाद चल रहा था। एजेंसी पहले विजय के नाम थी, जो कागजी त्रुटि के कारण निरस्त हो गई और बाद में आरोपित पक्ष के नाम हो गई। इसी रंजिश में हत्या की गई। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है तथा एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# महोबा देश का पहला जिला बना, 40 गांवों में स्थापित होंगी इसरो की स्पेस लैब




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर, अहमदाबाद द्वारा संचालित 'विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम' के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के 40 गांवों में ग्रामीण स्पेस लैब स्थापित की जाएंगी। इस पहल के साथ महोबा देश का पहला जिला बन गया है,

जहां ग्रामीण विद्यार्थियों को संगठित रूप से अंतरिक्ष विज्ञान की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस क्रम में लखनऊ की व्योमिका फाउंडेशन के सहयोग से 16 फरवरी को रतौली ग्राम पंचायत स्थित एक राजकीय विद्यालय में ष्श्री नीलेश एम- देसाई स्पेस लैबष का उद्घाटन किया जाएगा। यह लैब इसरो के स्पेस एप्लीकेशंस सेंटर, अहमदाबाद की पहल का हिस्सा है। जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शनिवार को बताया कि प्रत्येक स्पेस लैब में उन्नत एवं इंटरैक्टिव शिक्षण संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें कार्यशील दूरबीनें, 3डी प्रिंटर, इसरो मिशन मॉडल प्रदर्शनी, रोबोट, ड्रोन तथा स्टेम आधारित प्रयोगात्मक सेट-अप शामिल हैं। इनका उद्देश्य पारंपरिक कक्षा शिक्षण को रोचक एवं अनुभवात्मक मॉडल में परिवर्तित करना है। उन्होंने बताया कि स्पेस लैब्स को प्रारंभिक स्तर से ही वैज्ञानिक सोच और तकनीकी कौशल विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत अंतरिक्ष विज्ञान, उपग्रह अनुप्रयोग, भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स और ड्रोन तकनीक जैसी उभरती तकनीकों में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एक वर्ष के संरचित पाठ्यक्रम के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा वार्षिक मूल्यांकन के माध्यम से कौशल विकास की निगरानी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल शहरी और ग्रामीण शिक्षा के बीच की खाई को पाटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है तथा ग्रामीण विद्यार्थियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में करियर विकल्प तलाशने के लिए प्रेरित करेगी।

इस अवसर पर इसरो एसएसी अहमदाबाद के निदेशक नीलेश देसाई 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे मोदी मेला परिसर में आयोजित पुस्तक मेले का अवलोकन कर विद्यार्थियों से संवाद भी करेंगे। महोबा में इन दिनों चल रहे सूर्य महोत्सव के अंतर्गत युवाओं में स्थानीय विरासत, पुस्तक पठन और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# छात्र का शव फंदे से लटका मिला परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के टैगोर टाउन इलाके में शनिवार सुबह 12वीं के एक छात्र का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए एक लड़की समेत चार लोगों पर ब्लैकमेलिंग और साजिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे। मृतक की पहचान आशुतोष प्रताप गिरी (15) के रूप में हुई है। वह नवाबगंज स्थित गुरु नानक इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। उसके पिता विनोद कुमार गिरी होमगार्ड हैं और डायल 112 में ड्राइवर के रूप में तैनात हैं। परिजनों के अनुसार आशुतोष की दोस्ती कोचिंग के दौरान सुहानी सिंह नाम की छात्रा से हुई थी, जो टैगोर टाउन स्थित जयराज मेमोरियल गर्ल्स हॉस्टल में रहती है।

पिता का आरोप है कि पिछले कुछ समय से युवती आशुतोष को पैसों के लिए ब्लैकमेल कर रही थी। पैसे न देने पर झूठे दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने और दोस्तों से जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पिता के मुताबिक 13 फरवरी को बेटे ने उन्हें ब्लैकमेलिग की बात बताई थी। आरोप है कि युवती ने अपनी रूम पार्टनर और दो अन्य युवकों के साथ मिलकर धमकी दी थी। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार रात युवती ने आशुतोष को ष्मर जाओष् संदेश भेजा था। शनिवार सुबह करीब 6 बजे जब परिवार के सदस्य उसे जगाने पहुंचे तो कमरे में वह फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि आशुतोष की हत्या कर उसे लटकाया गया है। जॉर्जटाउन थाना प्रभारी रोहित कुमार तिवारी ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर युवती को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। कमरे की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मॉर्निंग वॉकर्स को डंपर ने रौंदा, एक की मौत, दूसरा गंभीर


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले दो व्यक्तियों को तेज रफ्तार अज्ञात डंपर ने कुचल दिया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई,

जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रायबरेली-अमेठी मार्ग पर महाराजपुर के पास सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में नरैनी गांव निवासी कमलेश सिंह (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बियसिया गांव निवासी रामशंकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल रामशंकर तिवारी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी भेजा, जहां उनका उपचार जारी है।

हादसे के बाद डंपर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। इस संबंध में थाना प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि महाराजपुर बाजार के पास दुर्घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए सीएचसी अमेठी भिजवाया गया है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और डंपर की पहचान कर चालक की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# जौनपुर में 206 परीक्षा केंद्रों पर होंगी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में 18 फरवरी से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं 206 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएंगी।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार परीक्षाएं पूर्णतष नकलविहीन, शांतिपूर्ण और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई जाएंगी। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 2026 को सकुशल संपन्न कराने के लिए समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों पर समय से उपस्थित रहकर परीक्षा की समुचित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने का संकल्प भी दिलाया। जिलाधिकारी ने बताया कि परिषद के निर्देशानुसार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का आयोजन 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातष 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरा]न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक होगी। जनपद में हाईस्कूल के कुल 77,042 तथा इंटरमीडिएट के 77,080 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा संचालन के लिए 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 206 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रिजर्व अधिकारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

किसी भी समस्या की स्थिति में विभागीय कंट्रोल रूम के नंबर 7905471191 और 9451962481 पर संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने, परीक्षा केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण करने तथा परीक्षा से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था और केंद्र प्रबंधन की सतत मॉनिटरिग सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ निष्ठा, गंभीरता और सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) परमानन्द झा, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव, विवेक कुमार, समस्त सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, कंट्रोल रूम प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार में मिले प्रेमी-प्रेमिका के गोली लगे शव

■ वैलेंटाइन डे के दिन हुआ लव स्टोरी का दर्दनाक अंत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा में वैलेंटाइन-डे के दिन प्रेमी ने प्रेमिका की कार में हत्या कर दी, फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो कार अंदर से लॉक थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने टाटा अल्ट्रोज कार का शीशा तोड़कर देखा, तो आगे की सीट पर दोनों के शव पड़े थे। दोनों के सिर में गोली लगी थी। युवक के हाथ में पिस्टल थी। बगल में दो खोखे पड़े थे। प्रेमी-प्रेमिका 13 फरवरी से घर से लापता थे।

26 साल की प्रेमिका रेखा नोएडा के सलारपुर की रहने वाली थी, जबकि प्रेमी सुमित (32) दिल्ली के त्रिलोकपुरी का रहने वाला था। वह मंडल स्तर का क्रिकेटर था। बताया जा रहा है कि दोनों का 15 साल से अफेयर चल रहा था। शादी करने वाले थे, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इसके बाद 13 फरवरी को सुमित ने रेखा को मैसेज भेजा- मैं मरने जा रहा हूं। इसकी जिम्मेदार रेखा है। वह मेरे साथ 15 साल रही। वादा किया था कि मुझसे शादी करेगी, लेकिन अब वह किसी और से शादी करने जा रही। मुझे रेखा ने धोखा दिया है। इसलिए मैं सुसाइड कर रहा हूं।इसके बाद वह कार लेकर घर से लापता हो गया। लड़की भी घर से गायब हो गई। उसके घरवालों ने शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-58 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। आज दोपहर डेढ़ बजे दोनों के शव थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में मिले।

**चचेरे भाई बोले- प्रेमिका के लिए 1 करोड़ का फ्लैट खरीदा था:** सुमित के पिता राजीव दिल्ली एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) में हेल्थ इंस्पेक्टर की नौकरी करते हैं। रेखा और सुमित की स्कूलिंग साथ हुई थी। रेखा का सुमित के घर आना-जाना था। चचेरे बड़े भाई सचिन का कहना है कि सुमित क्रिकेट के साथ पानी का प्लांट भी चलाता था। सुमित ने रेखा के लिए एक फ्लैट भी खरीदा था, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही।

**घरवालों ने लड़की को बेटे के खिलाफ भड़काया:** भाई ने बताया- रेखा और सुमित का 15 साल से अफेयर चल रहा था। दोनों जल्द शादी करने वाले थे। लड़की के घरवालों ने उसे सुमित के खिलाफ भड़का दिया था। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी।

**प्रेमिका को मैसेज भेजा, फिर घर से लापता हुआ:** सचिन ने बताया- सुमित ने कल दोपहर 3:39 बजे लड़की के मोबाइल पर मैसेज भेजा था, जिसमें लिखा कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। इसके बाद वह कार लेकर घर से निकल गया। रात तक वापस नहीं आया। घरवालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार दोपहर खबर मिली कि उसका शव मिला है।वहीं, पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा। कार (डीएल14 सीएल 6473) को कब्जे में ले लिया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए हैं। थाने में युवक के घरवाले पहुंचे। उनसे पूछताछ की गई।

# फ्लाईओवर बना खत्म करेंगे नोएडा-कालिंदी कुंज का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा-कालिंदी कुंज के बीच जाम की समस्या खत्म होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) फ्लाईओवर बनाकर रास्ते को सुगम बनाएगा। इसके लिए मंजूरी प्रदान कर दी गई है। जल्द इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम शुरू होगा। जाम की समस्या खत्म होने से नोएडा से जसोला विहार, ओखला विहार, सरिता विहार, बदरपुर और फरीदाबाद जाने वाले छह लाख लोगों को लाभ होगा, जो रोज इस रास्ते से आते-जाते हैं।

एनएचएआई के मुताबिक, दिल्ली को जाम मुक्त बनाने की योजना के तहत इस परियोजना पर काम होगा। इसके लिए मदनपुर खादर पुलिया से नोएडा तक तीन-तीन लेन के 1.5 किलोमीटर लंबे दो फ्लाईओवर बनाए जाएंगे। आगरा कैनाल पर भी दो पुल आवा. जाही के लिए बनाए जाएंगे। ये पुल दोनों तरफ से जीडी बिड़ला रोड को चौड़ा करने का काम करेगा। परियोजना का काम होने के बाद जसोला विहार, ओखला विहार, सरिता विहार, बदरपुर, जामिया नगर की ओर जाने वाले मौजूदा बैराज रोड से नीचे ही नीचे जीडी बिड़ला मार्ग होते हुए चले जाएंगे। नए फ्लाईओवर से होते हुए फरीदाबाद, मीठापुर, जैतपुर और केएमपी एक्सप्रेसवे का रुख कर सकेंगे। एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसका ट्रैफिक सर्वे पूरा हो चुका है। डीपीआर का काम जल्द शुरू होगा। साथ ही साथ वन विभाग समेत अन्य विभागों से सहमति लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

> नोएडा-कालिंदी कुंज रोड के जाम की समस्या को खत्म करने के लिए परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी गई है। इस परियोजना पर जल्द काम शुरू किया जाएगा।
> **-हर्ष मल्होत्रा, राज्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय**

**बचेंगे 45 मिनट, प्रदूषण होगा कम:** नोएडा से कालिंदी कुंज बैराज के रास्ते दिल्ली जाने का मतलब है जाम से निश्चित रूप से सामना होगा। यही एक ऐसी लोकेशन है, जिस पर हर समय जाम मिलता है। एक तरफ से लोगों के 40 से 45 मिनट बर्बाद होते हैं। जाम के दौरान वाहन चालू रहते हैं, उससे प्रदूषण होता है। रोजाना इस लोकेशन पर जाम को लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के पास सबसे अधिक शिकायतें पहुंचती हैं। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने भी समस्या का समाधान करने के लिए एनएचएआई को पत्र लिखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। फ्लाईओवर बनने के बाद इस रास्ते से जाने वाले लोगों का समय बर्बाद नहीं होगा। वाहनों के पहिये नहीं थमेंगे तो प्रदूषण में भी कमी आएगी।

## अवैध खनन व निर्माण पर सख्ती, सेवानिवृत्त सैनिकों की बढ़ेगी तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेस औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने क्षेत्र में अवैध खनन और अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सेक्टर 18, 20, 22डी, 24ए, 22ई, 21, 28, 29, 32 और 33 समेत विभिन्न सेक्टरों में कार्रवाई तेज कर दी गई है।

प्राधिकरण ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए पूर्व में तैनात 85 महत्वपूर्ण सेवानिवृत्त सैनिकों के अतिरिक्त 30 और सेवानिवृत्त सैनिकों की तैनाती का निर्णय लिया है। गश्त के लिए पहले से उपलब्ध 4 बोलेरो वाहनों के साथ 1 नया बोलेरो वाहन भी जोड़ा जाएगा। ये टीमें वाहनों के माध्यम से नियमित रूप से क्षेत्र में गश्त कर अवैध खनन और निर्माण पर निगरानी रखेंगी।

सुरक्षा बलों को निर्देश दिए गए हैं कि अवैध खनन के साथ-साथ अवैध निर्माण और अतिक्रमण की भी सूचना संबंधित विभागों को तत्काल दें। प्राधिकरण का परियोजना विभाग और भूलेख विभाग स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करेगा। तहस. ीलदार सुरक्षा बल की रिपोर्ट के आधार पर खनन नियमों के तहत एफआईआर दर्ज कराएंगे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। साथ ही संबंधित क्षेत्रों के लेखपाल और परियोजना अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध निर्माण पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय समन्वय को मजबूत करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा, जिससे सभी अधिकारियों को त्वरित सूचना मिल सके और समय पर कार्रवाई हो सके।

## जेसीबी की टक्कर से डॉक्टर की कार क्षतिग्रस्त

**नोएडा।** सेक्टर-51 में जेसीबी की टक्कर से महिला चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि जेसीबी चालक ने अपने साथियों संग डॉक्टर के साथ अभद्रता भी की। इस मामले में कोतवाली सेक्टर-49 पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। सेक्टर-74 की सुपरटेक ओआरबी सोसाइटी में रहने वाली डॉ. अपेक्षा यादव दिल्ली के एम्स में तैनात हैं। वह अपने देवर के साथ 12 फरवरी को कार से घर लौट रही थीं। कार को उनका चालक चला रहा था। आरोप है कि सेक्टर-51 मानव रचना स्कूल के पास जेसीबी चालक बॉबी कुमार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसका विरोध करने पर जेसीबी चालक ने महिला चिकित्सक और उसके देवर के साथ अभद्रता की। उसने अपने साथी रामवीर सिंह यादव, धर्मवीर सिंह यादव व अन्य को बुलाकर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली प्रभारी सुनील भारद्वाज ने बताया कि इस मामले में चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# नोएडा एयरपोर्ट का उद्घाटन जल्द

■ राजनाथ सिंह बोले- बच्चों में अच्छे संस्कार देने की जिम्मेदारी शिक्षकों की




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि बच्चों में अच्छे संस्कार देना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है, क्योंकि इन्हीं संस्कारों से देश का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने छात्रों को अहंकार से बचने की सलाह देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति अहंकार पालता है, उसका अंत निश्चित है। हमें सदैव कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए। सिंह ने ये बातें सैट मेरी स्कूल के शुभारंभ के अवसर पर कहीं।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ ही दिनों में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन होने वाला है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जब केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब वर्ष 2001 में उन्होंने ही इस एयरपोर्ट के लिए फाइल को आगे बढ़ाया था। पाठक ने कहा कि उनके अथक प्रयासों के कारण ही उत्तर प्रदेश को एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट मिलने जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्राप्त होगी।

## एक नजर

### पालतू कुत्ते के घर आने पर विवाद, मारपीट

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** पालतू कुत्ते के पड़ोसी के घर जाकर पॉटी करने पर विवाद खड़ा हो गया। पड़ोसी महिला ने इसका विरोध किया तो कुत्ते मालिक ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रन्हेरा गांव में महिला विमलेश देवी परिवार के साथ रहती है। विमलेश देवी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को पड़ोसी लोकेश का पालतू कुत्ता उनके घर पहुंचा और चूल्हे के पास पॉटी कर गया। महिला ने इसका विरोध किया और कुत्ते के मालिक लोकेश से पॉटी साफ करवाने के लिए कहा, इस बात पर लोकेश भड़क गया और महिला से गाली गलौज करने लगा।

महिला का पति बीच बचाव में आए तो आरोपी लोकेश ने डंडे से महिला के पति पर हमला किया। महिला के पति को चोट आई है। इस मामले में महिला ने आरोपी लोकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि कुत्ते को लेकर विवाद हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### केंद्र ने नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर मेट्रो विस्तार को मंजूरी दी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** केंद्र सरकार ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के तहत नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है, जिसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह निर्णय शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सरकार द्वारा शनिवार को जारी बयान के अनुसार, कॉरिडोर के चालू होने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहरों में 61.62 किलोमीटर का सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क होगा। इसमें कहा गया है कि नोएडा सेक्टर 142 से बॉटनिकल गार्डन (नोएडा) तक का विस्तारित गलियारा शहर के बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है और यह नोएडा मेट्रो रेल नेटवर्क का एक बड़ा विस्तार है। बयान में कहा गया है कि इस कॉरिडोर के माध्यम से लगभग 11.56 किलोमीटर लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी और शहर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार होगा। यह परियोजना बॉटनिकल गार्डन, ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन पर इंटरचेंज सहित उच्च मांग वाले कॉरिडोर के साथ सीधा संपर्क भी प्रदान करेगी।

### पक्षी विहार का मई से समय बदलेगा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** ओखला पक्षी विहार के खुलने और बंद होने का समय गर्मियों में बदल दिया जाएगा। अभी पक्षी विहार अभी सर्दी के समयानुसार खोला और बंद दिया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार सर्दियों में पक्षी विहार का समय सुबह 7.30 बजे से शाम 5.00 बजे तक है। अप्रैल तक यह समय लागू रहेगा। वहीं गर्मी के लिए सुबह 7.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक है। यह समय मई में लागू होगा।

### महागुण मंत्रा-2 सोसाइटी के निवासियों का महागुण कार्यालय में जमकर हंगामा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर 63 स्थित महागुण कार्यालय में ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुण मंत्रा-2 सोसाइटी के सैकड़ों निवासी अपने फ्लैट की रजिस्ट्री की मांग को लेकर पहुंचे। निवासियों ने बताया कि उन्हें सोसाइटी के फ्लैट के पूरे पैसे जमा किए तीन साल से ज्यादा हो चुका है, लेकिन फ्लैट खरीदारों को अब तक उनका मालिकाना हक नहीं मिल सका है। करीब 1100 खरीदार ऐसे हैं जिन्हें अपने फ्लैट की रजिस्ट्री की आस है।

फ्लैट खरीदार नवीन वर्मा ने बताया कि मंत्रा-2 सोसाइटी में फ्लैट खरीदने के लिए करीब 1100 परिवारों ने 50 से 60 लाख रुपये बिल्डर को जमा कर दिए। लेकिन उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री पूरी नहीं हो सकी है। फ्लैट खरीदारों का दावा है कि बिल्डर ने ग्रेनो प्राधिकरण में अब तक बकाया जमा नहीं किया है। इसी वजह से रजिस्ट्री रुकी हुई है। जबकि वह लगातार लंबे समय से रजिस्ट्री पूरी कराने की मांग कर रहे हैं। शनिवार को जब इसी समस्या को लेकर सैकड़ों खरीदार सेक्टर 63 स्थित महागुण कार्यालय पहुंचे। जहां शुरुआत में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ यह प्रदर्शन दोपहर भर चला। इस बीच महागुण कार्यालय में बैठे अधिकारियों से बातचीत करने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी से बात नहीं हो सकी। इस बीच फ्लैट खरीदार रजिस्ट्री की मांग को लेकर अड़े रहे। बता दें, बाहर प्रदर्शन के बाद अब वह महागुण कार्यालय के परिसर में जमीन पर बैठकर धरना दिया। उनका कहना है कि जब तक उन्हें लिखित में ठोस आश्वासन नहीं मिल जाता, तब तक वह यहां से नहीं हटेंगे।

## गाली-गलौज के विरोध पर ईंट से हमला

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक के साथ गाली गलौज और मारपीट की गई। विरोध करने पर ईंट से हमला किया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मेहंदीपुर गांव में रहने वाले साबुद्दीन ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को बिना किसी वजह रोबिन, मोसिन, सब्बीर और खुर्शीद गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने विरोध किया तो ईंट से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है।

# जापान की कंपनी यमुना सिटी में फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जापान की कंपनी क्यूपी कॉर्पोरेशन यमुना सिटी में फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाएगी। जापान के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की और औद्योगिक पार्कों का निरीक्षण किया। साथ ही यहां निवेश की इच्छा जताई। फूड प्रोसेसिंग संयंत्र लगाने के लिए आठ से 10 एकड़ जमीन की जरूरत होगी।

जापान की कंपनी 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे विद. ेशी निवेश आने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कंपनी प्रबंधन संयंत्र लगाने के लिए जल्द प्रस्ताव देगा।

यमुना सिटी का यह तीसरा फूड प्रोसेसिंग संयंत्र होगा। इससे पहले दो कंपनियों पतंजलि और इनोवा फूड पार्क के लिए जमीन आवंटित की जा चुकी है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुता. बिक क्यूपी कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को यमुना सिटी का बुनियादी संसाधन पसंद आया है। बैठक में विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शीघ्र ही कंपनी के निद. ेशक मंडल के समक्ष निवेश से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा।

इसके बाद इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में प्राधिकरण के एसीईओ शैलेंद्र कुमार भाटिया और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अमेरिका, चीन समेत 79 देशों में सक्रिय क्यूपी कॉर्पोरेशन जापान की वैश्विक फूड प्रोसेसिंग कंपनी है, जो अपने एग-योल्क आधारित मेयोनीज और उमामी स्वाद प्रोफाइल के लिए जानी जाती है। जापान में लगभग 60 फीसदी बाजार हिस्सेदारी रखने वाली यह कंपनी अमेरिका, चीन, वियतनाम, थाईलैंड समेत 79 से अधिक देशों में सक्रिय है। कंपनी स्वास्थ्यवर्धक खाद्य उत्पादों के साथ फ्रूट जैम, सॉस और फ्रूट सॉल्यूशंस आदि बनाती है।

**दो कंपनियों को जमीन दी जा चुकी 1 पतंजलि:** यमुना सिटी के सेक्टर-24 और सेक्टर-24ए में पतंजलि आयुर्वेद को 430 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है।

पतंजलि ने मेगा फूड पार्क के साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण शुरू कर दिया है। यहां 10 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता की डेयरी स्थापित की जाएगी। यहां चीज, पनीर समेत बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पाद बनाए जाएंगे।

## 6769 वाहनों के ई-चालान किए गए

**नोएडा।** जिले में शनिवार को यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान और सीज की कार्रवाई की गई। इसमें कुल 6769 वाहनों के ई-चालान किए गए। यातायात पुलिस से मिली जानक. ारी के अनुसार यातायात पुलिसकर्मियों ने 2258 चालान और आईएसटीएमएस कैमरों द्वारा 4511 वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट 2443, नो पार्किंग के कारण 689 और तेज गति में गाड़ी चलाने के कारण 376 वाहनों के चालान किए गए। 13 वाहनों को सीज किया गया। गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण 629 वाहनों के चालान किए गए।

# दनकौर में सड़क जाम, प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई

■ करीब 6 दिन बाद 12 नामजद सहित 42 लोगों पर मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में 8 फरवरी को हुए सड़क हादसे के बाद हुए प्रदर्शन और जाम लगाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। दनकौर पुलिस ने 12 नामजद सहित 42 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

यह मुकदमा दनकौर चौकी पर तैनात दरोगा शुभम गुप्ता की शिकायत पर शनिवार को दर्ज किया गया। दरोगा गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि 8 फरवरी को सैकड़ों लोग बिहारी लाल चौक पर धरने पर बैठ गए थे। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य बबलू (48) की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी और वे आरोपी चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, लेकिन परिजन और समर्थक मानने को तैयार नहीं हुए। प्रदर्शन के दौरान हंगामा बढ़ गया और मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, और यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने सख्ती बरतते हुए प्रदर्शनकारियों को मौके से हटाया और यातायात बहाल कराया। इस मामले में पुलिस ने जगन, गीता, मुकेश, देवेंद्र, जोगेंद्र, सुशील, अमित, गोलू, रवि गौतम उर्फ सिंग्गन, अशोक, बबीत और दिनेश सहित 12 नामजद तथा 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मंत्रोच्चार, कैंडल मार्च एवं पुष्पांजलि के साथ वीर जवानों को नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 14 फरवरी को जहाँ एक ओर विश्व में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है, वहीं युवा शक्ति ने इस दिवस को राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना के साथ काला दिवस के रूप में स्मरण किया। वर्ष 2019 में हुए पुलवामा हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम के दौरान शहीदों की स्मृति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर अमर जवानों को नमन किया तथा कैंडल मार्च निकालकर अपनी श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। पूरा वातावरण 'शहीदों को नमन' एवं 'भारत माता की जय' के उद्घोष से गूंज उठा।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि पुलवामा में हुआ कायरतापूर्ण आतंकी हमला पूरे राष्ट्र के लिए अत्यंत वेदनापूर्ण क्षण था। किंतु हमारे वीर जवानों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपने वीर सपूतों को कभी नहीं भूल सकता। उनका बलिदान सदैव राष्ट्र को एकता और सुरक्षा के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता रहेगा।

वाई एस एस फाउंडेशन से दुर्गा प्रसाद दुबे ने कहा "शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की निरंतर प्रेरणा है। हम संकल्प लेते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव सजग एवं समर्पित रहेंगे।" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। मंत्रोच्चार के पश्चात शांति पाठ एवं सामूहिक मौन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अवैध खनन के आरोप में चार के खिलाफ एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** खाली पड़ी जमीन पर अवैध रूप से खनन कर मिट्टी उठाने के मामले में पुलिस ने चार माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित खेत मालिक की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। गाजियाबाद के शाहपुर बम्हेटा ग्राम निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस को सौंपी शिकायत में बताया है कि मेहंदीपुर गांव में उसकी कृषि जमीन है। आरोप है कि मेहंदीपुर गांव निवासी खनन माफिया कामिल खां, अब्बास खां, अख्तर खां ने प्रदीप भाटी नामक व्यक्ति के साथ मिलकर उसकी जमीन से जेसीबी के जरिए मिट्टी खनन कर ले गए। जमीन के सह हिस्सेदार बॉबी ने जब प्रदीप भाटी के पास फोन किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी।

बॉबी ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। लेकिन पुलिस के वहां पहुंचने से पहले ही माफिया फरार हो गए। पीड़ित के वहां से जाने के बाद आरोपियों ने फिर से खनन शुरू कर दिया। पीड़ित के मुताबिक खनन माफिया उसकी जमीन पर कब्जा करना चाह रहे हैं। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेंचुरी परिवार ने पुलवामा शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेंचुरी अपार्टमेंट के समस्त निवासियों द्वारा 14 फरवरी को Central Reserve Police Force (CRPF) के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जो Pulwama में वर्ष 2019 में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए थे। इस अवसर पर सोसायटी परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सेंचुरी परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन रखकर शहीदों को नमन करने के साथ हुई। ॅ। अध्यक्ष पवन यादव ने कहा कि देश की सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी में देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की भावना जागृत करते हैं।

महासचिव दिलीप मिश्रा ने बच्चों को सैनिकों के त्याग, अनुशासन और समर्पण के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी। राजेंद्र गोयल ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को भावविभोर कर दिया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया।

कार्यक्रम में ए.डी. जोशी, यू. एस. पवार, गोपाल शर्मा, सूर्यबली मिश्रा, रामकुमार, अम्बा जोशी, पूनम शर्मा, गीता सिसोदिया, पुष्पा, शिवम, राजबाला, गौरव, अरुण, प्रशांत, मुकेश, रॉबिन सहित अनेक गणमान्य निवासी उपस्थित रहे।

सेंचुरी परिवार ने संकल्प लिया कि वे हर वर्ष शहीदों की स्मृति में इस प्रकार का आयोजन कर देश के वीर सपूतों को नमन करत।

# नोएडा में तीन अवैध स्पा को कराया बंद

### हिरासत में लिए गए 17 युवतियां और सात युवक, स्पा के नाम पर अनैतिक काम की थी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में थाना सेक्टर-49 पुलिस, AHTU और NHRC की संयुक्त टीम ने अवैध स्पा सेंटर पर छापा मारा। इसमें तीन स्पा पर छापा मारा गया। यहां से युवक और युवतियों को हिरासत में लिया गया। जिनको पूछताछ के लिए थाने लाया गया। इन तीनों स्पा में थाई मसाज के नाम पर अनैतिक कार्य किया जा रहे थे ऐसे सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने संयुक्त रूप से एक्शन लिया।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि जानकारी मिली थी कि यहां अवैध रूप से स्पा सेंटर चलाए जा रहे है। ऐसे में ज्वाइंट टीम ने यहां छापा मारा। मौके से 17 युवतियों और 7 लड़कों को हिरासत में लिया गया। बताया गया कि करीब 20 दिन से यहां स्पा सेंटर चलाए जा रहे थे। अनैतिक गतिविधियों की जानकारी और लगातार मिल रही शिकायत के बाद यहां छापा मारा गया। मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। यहां थाई मसाज के नाम पर गलत काम किए जा रहे थे। फिलहाल पुलिस ने तीनों स्पा को बंद करा दिया है। इनके संचालकों से पूछताछ की जा रही है। इनके नाम भी थाई मसाज के नाम पर ही है। जिसमें एक का नाम आर्गेनिक थाई मसाज ही है।

**ग्राहक बनकर गए फिर मारा छापा:** टीम ने रणनिती के तहत के पहले ग्राहक बन कर स्पा सेंटर में गए। कंफर्म होने पर तीनों टीम ने एक साथ छापा मारा। जिसके बाद युवक युवतियों को हिरासत में लिया गया। यहां से कुछ सामान बरामद किया गया। जिसके पुलिस ने कब्जे में लिया है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पुलिस मुठभेड़ में दो पशु तस्कर दबोचे एक के पैर में लगी गोली, सिपाही घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** थाना भोजीपुरा क्षेत्र में शुक्रवार देर रात पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लग गई, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार रात करीब दो बजे थाना भोजीपुरा पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिघाई कायस्थान के जंगल में कुछ लोग प्रतिबंधित पशु को मारने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेरा. बंदी की। संदिग्धों को ललकारने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

जवाबी फायरिंग में राजू कुरैशी निवासी मोलागढ़ (थाना भोजीपुरा) के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर पड़ा। पुलिस ने उसके साथी इमरान कुरैशी को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक गोली सिपाही रिंकू के बाजू को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजीपुरा भेजा गया। पुलिस ने घायल आरोपी के पास से एक तमंचा, एक खोखा, दो कारतूस और एक छुरी बरामद की है। इसके अलावा मौके से पशु को मारने में इस्तेमाल होने वाले औजार भी मिले हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपी प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार राजू के खिलाफ पहले से 22 और इमरान के खिलाफ छह मुकदमे दर्ज हैं। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# गौशालाओं की व्यवस्थाओं पर सख्त हुआ प्रशासन

- लंबित कार्यों पर कार्रवाई के निर्देश
- डीएम अविनाश सिंह बोले हरे चारे की कमी दूर करें, कोई भी पत्रावली ज्यादा समय तक न रोकी जाए




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गौशालाओं की व्यवस्थाओं, निरीक्षण प्रणाली और लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि तहसील और विकास खण्ड स्तर पर प्रत्येक माह बैठक अनिवार्य रूप से कराई जाए और उसमें दिए गए निर्देशों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे निरीक्षण की रिपोर्ट लेने तथा निरीक्षण न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि जो कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सही ढंग से नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिन गौशालाओं में हरे चारे की कमी है वहां संबंधित ग्राम प्रधानों से समन्वय कर समस्या का समाधान कराया जाए।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि ब्लॉक भदपुरा की मधुनगला गौशाला में अभी तक बाउंड्रीवाल का निर्माण नहीं हुआ है। इस पर खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा को छह माह में निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन करते हुए किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने तथा प्रत्येक माह फील्ड विजिट करने के निर्देश दिए गए। नोडल अधिकारियों को गौशाला निरीक्षण के दौरान भूसा, हरा चारा, चोकर और लॉग बुक रजिस्टर की जांच करने के लिए कहा गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन गौपालकों का भुगतान लंबित है, उसे शीघ्र कराया जाए। बीमार गायों को अलग रखने तथा क्षमता से अधिक गाय होने पर अतिरिक्त गौपालक लगाने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही गौशालाओं में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश देने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनमोहन पाण्डेय, जिला पंचायती राज अधिकारी कमल किशोर सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्नी ने पति और देवर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के मोव बिजोरिया के रहने वाले चमन प्रकाश का अपनी पत्नी प्रयागवती से पिछले काफी दिनों विवाद चल रहा है जिसके चलते पत्नी अपने मायके में रह रही है।

बताया जाता है कि अपने बच्चों की तबियत खराब होने की जानकारी पर वह उन्हें देखने शुक्रवार को नवाबगंज आई थी। आरोप है कि देखते ही पति चमन प्रकाश और उसके भाई ने गाली गलौज करने के साथ मारपीट कर डाली। घटना की रिपोर्ट पत्नी ने अपने पति और देवर के खिलाफ दर्ज कराई है।

### सड़क सुरक्षा माह के तहत नुक्कड़ नाटक व रैली से जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान के संचालन में छात्र-छात्राओं ने हेलमेट के उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आमजन को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और आपात स्थिति में घायलों की सहायता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मीरगंज।** हुरहुरी मीरगंज रोड पर स्वामी दयानंद डिग्री कॉलेज के निकट शनिवार दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में विजेंद्र निवासी दियोसास गंभीर रूप से घायल हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज रफ्तार में थी और चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन सीधे पेड़ से जा भिड़ा।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसे चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्राम प्रधान होरी लाल गंगवार ने बताया कि घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### साप्ताहिक बाजार में जुआं खेलते चार पकड़े, 1570 रुपये बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस टीम के साथ साप्ताहिक बाजार मैदान में छापेमारी कर जुआ खेल रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में आकाश, वीरेंद्र सक्सेना, बंटी निवासी चुरई दलपतपुर तथा इरशाद निवासी भसौड़ी थाना मिलक, जनपद रामपुर शामिल हैं।

पुलिस ने मौके से जुए का फड़ और 1570 रुपये नकद बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गति. विधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### सिंधौली चौराहे पर 17 पव्वे देशी शराब के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने पुलिस बल के साथ सिंधौली चौराहे के पास छापा मारकर मुनब्बर निवासी मोहल्ला सरायखाम, कस्बा मीरगंज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके झोले से देशी शराब के 17 पव्वे बरामद किए गए।पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शराब की दुकान से खरीदकर ला रहा था, जिसमें से कुछ पव्वे स्वयं पीने और कुछ बेचने के लिए रखे थे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पार्कों में प्रेमियों पर रही पुलिस की पैनी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** वैलेंटाइन डे के मौके पर बरेली का रंग इस बार रोमांस का नहीं, बल्कि सुरक्षा और सख्ती का रहा। शहर के प्रमुख पार्कों और रेस्टोरेंट में पुलिस प्रशासन ने दिनभर सख्त निगरानी रखी। पिछले दिनों राजेंद्रनगर के एक कैफे में छात्रा के साथ हुई मारपीट की घटना ने प्रशासन की नींद उड़ा दी थी, इसके चलते वैलेंटाइन डे पर विशेष सतर्कता बरती गई।



शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गश्त और चेकिंग अभियान चलाया गया। गांधी उद्यान के म्यूजिक फाउंटेन और भूल-भुलैया क्षेत्र में खुद कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम मौजूद रहे और हालात का जायजा लिया। पार्कों के बाहर सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मी तैनात थे, ताकि किसी भी अनुचित गतिविधि या अश्लील हरकत को तुरंत रोका जा सके। पुलिस ने बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों की गतिविधियों पर भी निगरानी रखी गई। एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी या कपल को परेशान करना कतई बर्दाश्त नहीं होगा। शहर के गांधी उद्यान, फूलबाग और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूरे दिन पुलिस पैदाल और गाड़ियों सेगश्त करती दिखी। पार्कों के बाहर भी कड़ा सुरक्षा बंदोबस्त रखा गया, ताकि शहर में किसी भी तरह की अफरा-तफरी या अनुचित हरकत को रोका जा सके। कहा जा रहा है कि बीते 28 दिसंबर को राजेंद्रनगर स्थित एक कैफे में अपना जन्मदिन मना रही छात्रा और उसके दोस्तों के साथ कुछ युवकों ने मारपीट की थी। यह घटना खासी चर्चित रही थी। इसी के बाद से पुलिस ने त्योहारों और विशेष मौकों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्णय लिया।

इसके अलावा पुलिस ने पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर आने वाले युवाओं से अपील की कि वे मर्यादा बनाए रखें। साथ ही किसी भी अनुचित व्यवहार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। कोतवाली इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पार्कों में मोबाइल पेट्रोलिंग, पैदल गश्त और सीसीटीवी कैमरों की मदद से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया। फिलहाल, किसी भी तरह की बदतमीजी की सूचना शाम तक नहीं मिली है।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# फार्मर रजिस्ट्री में ढिलाई पर सख्त रुख

- चार कर्मचारियों को नोटिस
- एक सप्ताह में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील सभागार में शनिवार एसडीएम आलोक कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर बैठक की। बैठक में राजस्व, कृषि, पंचायत एवं विकास विभाग के कर्मचारी शामिल हुए।

एसडीएम ने फार्मर रजिस्ट्री की लेखपालों व कृषि विभाग के कर्मचारियों की ग्रामवार समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए। समीक्षा में अपेक्षित प्रगति न होने पर एसडीएम ने लेखपाल सुधा शर्मा, पुरुषोत्तम, गौरव सिंह एवं ब्लाक शेरगढ़ के कृषि विभाग के टीएसी धर्मेंद्र को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।एसडीएम ने कहा पीएम किसान सम्मान निधि के हर लाभार्थी की फार्मर रजिस्ट्री होना आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की पीएम किसान निधि की किश्त आना शीघ्र बंद हो जाएगी। एसडीएम ने बीडीओ व एडीओ को पंचायत सहायकों व रोजगार सेवकों को इस कार्य में लगाकर फार्मर रजिस्ट्री कराने एवं जनसेवा केंद्र संचालकों का सहयोग लेकर एक सप्ताह में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। तहसील में पीएम किसान सम्मान निधि के 69373 लाभार्थी हैं। इनमें से 56355 किसानों ने ही फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है। क्षेत्र के 6500 किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री अभी तक नहीं कराई है। बैठक में तहस. ीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सिंह, राजेश, एडीओ कृषि आदि मौजूद रहे।

# मकान पर दबंगों ने की कब्जे की कोशिश

- महिला ने पांच लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम खिरजपुर में शनिवार को बड़ा खून खराबा होने से बच गया। एक ग्रामीण के मकान पर कब्जा लेने गए दबंगों के पहुंचते ही पुलिस ने पहुंचकर दो को हिरासत में ले लिया। ग्रह स्वामी की पत्नी ने दबंगों पर घर में घुसकर मारपीट करने के साथ ही लूटपाट करने और 5 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम खिजरपुर के ताहिर खां की पत्नी साबिया द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक उसके पति ताहिर खां ने 19 मार्च 2008 को ग्राम खिरजपुर में गाटा संख्या 98 में से 18 बिस्वा जमीन गांव के ही कल्लन खां से 56 हजार रुपये में खरीदी थी। उसने रुपए देकर उस पर मकान बना लिया। वह परिवार के साथ इसमें 18 साल से रह रहा है।

इसी प्लॉट में से गांव के इस्लाम खां, इरफान शाह और उस्मान शाह ने भी कल्लन खां से जमीन खरीदकर मकान बना लिए और सभी उसमें रह रहे हैं। आरोप है कि एक साल पहले कल्लन खां ने उक्त जमीन का बैनामा अपने भांजे मैसर खां निवासी ग्राम रम्पुरा थाना भोजीपुरा के नाम करा दिया।

आरोप है कि इसके बाद से मैसर खां पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा था, और मकान खाली न करने पर जबरन कब्जा करने की धमकी दे रहा था।

महिला ने बताया कि आज शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे मैसर खां पांच गाड़ियों से 12ख्र15 लोगों के साथ उसके घर पहुंचा। सभी लोग कथित रूप से असलहों से लैस थे। आरोप है कि दबंगों ने घर में घुसकर सामान बाहर फेंक दिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई, कानों से करीब सात ग्राम सोने के कुंडल खींच लिए गए तथा बक्से में रखे दो लाख रुपये नकद लूट लिए गए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो लोगों ने हिरासत में ले लिया। महिला का कहना है कि पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

इस मामले में ताहिर खां की पत्नी साबिया ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए दो लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया।

## ग्रामीण ने स्टांप चोरी का आरोप लगाते हुए एडीएम से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव याकूबपुर के रहने वाले धर्मपाल गंगवार ने एडीएम वित्त को की गई शिकायत में ग्राम नरहरपुर गौरीखेड़ा की एक महिला पर प्लॉट का बैनामा कराए जाने पर स्टाम्प की चोरी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीण के अनुसार आरोपी महिला ने बीजमऊ रोड पर खरीदे गए एक प्लॉट को 6 मीटर कम चौड़े रोड पर दर्शाया है, जबकि यह प्लॉट लिंक मार्ग पर 9 मीटर से अधिक चौड़े रास्ते पर है। एडीएम वित्त को भेजी गई इस शिकायत में सब रजिस्ट्रार कर्मियों से मिलकर स्टांप की चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# वेलेंटाइन डे पर पुलिस की रेस्टोरेंटों में छापेमारी

- प्रेमी जोड़ों को हिदायत देकर छोड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वेलेंटाइन डे पर शनिवार को पुलिस सुबह से ही सतर्क रही। पुलिस ने नगर के कई रेस्टोरेंटों में छापेमारी कर कई प्रेमी जोड़ों को रंगे हाथों पकड़ा, और फिर उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव शनिवार को चौकी इंचार्ज सुनील कुमार भारी पुलिस वल के साथ कस्बे के बाईपास रोड पर चल रहे रेस्टोरेंटों पर पहुंचे, और वहां मिले प्रेमी जोड़ों को सख्त हिदायत दी। पुलिस की इस छापेमारी की खबर कस्बे में फैल गई और आनन-फानन रेस्टोरेंटों से प्रेमी जोड़े वहां से खिसक लिए।

# राशन को लेकर विवाद में पति ने दिव्यांग पत्नी पर ब्लेड से किया हमला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के दियोसास गांव में गुरुवार दोपहर घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। राशन लाने को लेकर हुए विवाद में पति ने अपनी दिव्यांग पत्नी पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।जानकारी के अनुसार दियोसास निवासी मुन्नी दिव्यांग हैं।

गुरुवार करीब एक बजे राशन लाने की बात को लेकर उनका पति सुरेंद्र से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सुरेंद्र ने गाली-गलौज करते हुए मुन्नी के साथ मारपीट की और चेहरे पर ब्लेड से वार कर दिया। हमले में महिला को चोटें आईं। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और किसी तरह मुन्नी को बचाया।बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घायल महिला ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। मुन्नी का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसे प्रताड़ित करता है और उसका जीवन दूभर कर रखा है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुरेंद्र के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव के दो युवकों ने सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाति सूचक शब्दों व गालियां देने का वीडियो वायरल किया है। ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव परशुरामपुर निवासी आकाश ने गाँव के अन्य लोगों के साथ शीशगढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि गांव के ही सुभाष और संजू ने उनके ओप्पो मोबाइल पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को जाति सूचक शब्दों के साथ गालियां देते हुए वीडियो भेजी है। आरोप है कि उपरोक्त ने इंस्टाग्राम पर भी दा विशाल इन 09 आईडी से वीडियो वायरल कर संविधान निर्माता का अपमान किया है।

शिकायत पर पुलिस ने उपरोक्त दोनों युवकों के खिलाफ आपत्ति जनक वीडियो वायरल करने की प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि दो युवकों द्वारा सोशल मीडिया पर डा. भीम राव अम्बेडकर पर टिप्पड़ी किए जाने के मामले में दोनों को हिरासत में ले लिया है।

# प्रेमजाल में फंसाकर 10 लाख की वसूली

- हनीट्रैप करने वाली महिला को पकड़ा
- दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर और 12 लाख मांगे
- साथियों की तलाश में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शहर में हनीट्रैप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति से अलग रहने वाली एक महिला ने युवक से दोस्ती कर पहले नजदीकियां बढ़ाई और फिर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उससे 10 लाख रुपये वसूल लिए। बाद में 12 लाख रुपये और मांगने पर पीड़ित युवक ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के इंद्रानगर निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इज्जतनगर के वीर सावरकर नगर निवासी पूजा शर्मा ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर संबंध बनाए और बाद में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने लगी। डर के कारण उसने अलग-अलग समय पर कुल 10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद महिला ने 12 लाख रुपये और मांगे तो उसने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी।

पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पूजा शर्मा समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और शनिवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। महिला के कब्जे से मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है जिसकी जांच की जा रही है, जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी महिला ने बताया कि उसका पति से अलगाव हो चुका है और वह दो छोटी बच्चियों के साथ रह रही थी। आय का कोई साधन न होने पर उसने युवक से नजदीकियां बढ़ाई और खर्चा मिलने लगा। कुछ समय बाद उसने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे ऐंठ लिए। रकम मिलने के बाद लालच बढ़ा तो उसने और रुपये मांगने शुरू कर दिए, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि पूरे गिरोह की भूमिका की जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

- 130 केन्द्रों पर कड़ी निगरानी में होगी परीक्षा
- 92 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल, नकल कराने पर 10 साल जेल व भारी जुर्माने की चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा-2026 को शांतिपूर्वक, सकुशल और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। अर्बन हाट स्थित सभागार में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे और पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारिक ने जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल पुलिस अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि जिले में 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में लगभग 92,135 परीक्षार्थी 130 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा देंगे। इनमें 129 केन्द्र विद्यालयों में तथा एक परीक्षा केन्द्र केंद्रीय कारागार में बनाया गया है। जनपद को सात जोन और 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा 129 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में 0581-2427433 नम्बर का कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर तैनात कर्मचारी एक-दूसरे से मोबाइल नंबर साझा करें तथा कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी सूची की प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में उपलब्ध कराएं। मेडिकल आधार पर किसी भी प्रकार की छूट बिना सीएमओ की लिखित संस्तुति के नहीं दी जाएगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर पहले से अवगत कराने को कहा गया।

प्रशासन ने बताया कि जिले के 9 संवेदनशील और 4 अतिसंवे. दनशील परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। प्रत्येक पाली में पुलिस बल, केन्द्र व्यवस्थापक, बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराई जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए दो सशस्त्र पुलिसकर्मी परीक्षा समाप्ति तक तैनात रहेंगे तथा छात्राओं की चेकिंग महिला पुलिस कर्मियों द्वारा कराई जाएगी। परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर क्षेत्र में फोटोस्टेट और जिरॉक्स की दुकानें बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

एसपी सिटी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता नकल-विहीन परीक्षा कराना है। परीक्षा में अनुचित सहायता देने या प्रयास करने पर 10 वर्ष तक कारावास और 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है, जबकि परीक्षा में बाधा डालने पर आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है।

बैठक में उपजिलाधिकारी फरीदपुर मल्लिका नैन, उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, उपजिलाधिकारी मीरगंज आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी राम जनम यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. गिरीश, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ओ.पी. राय, प्रधानाचार्य लोकेश चंद्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि से पहले घर में निकले छह कोबरा, दहशत में परिवार

- वन विभाग की घंटों चली रेस्क्यू कार्रवाई, सुरक्षित जंगल में छोड़े जाएंगे सांप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कस्बा शीशगढ़ के मोहल्ला शरीफ नगर वार्ड नंबर-14 में शनिवार को एक घर से छह जहरीले कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया। घर मालिक मोहम्मद यासीन के परिवार ने जैसे ही सांप देखे, तुरंत वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने कई घंटे की मशक्कत के बाद सभी सांपों को पकड़ लिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

मोहम्मद यासीन के अनुसार पिछले कई दिनों से घर में सांप दिखाई दे रहे थे और इसकी सूचना विभाग को दी जा रही थी। शनिवार सुबह घर की बुनियाद में काले सांप दिखाई देने पर फिर सूचना दी गई। वन विभाग के दरोगा छेदा लाल मौर्य और सर्प पकड़ने वाले राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और सुबह करीब 11 बजे से शाम चार बजे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में छह कोबरा सांप पकड़ लिए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी घर से दो जहरीले सांप पकड़े गए थे। लगातार सांप निकलने से परिवार के साथ-साथ मोहल्ले में भी दहशत का माहौल है। महाशिवरात्रि से पहले एक साथ इतने कोबरा मिलने से लोग तरह-तरह की चर्चाएं करते रहे और मौके पर भीड़ जुट गई।

वन विभाग की टीम ने सभी सांपों को सुरक्षित पकड़कर फतेहगंज क्षेत्र के पास जंगल में छोड़ने की बात कही है। मोहम्मद यासीन और उनके परिजनों ने टीम का आभार जताया।

# शिवभक्तों के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

## चेयरमैन व ईओ कर रहे कांवड़तियों की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पूरी तरह शिवमय नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शिवभक्तों और कांवड़ियों की टोलियां भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रहीं श्रद्धालुओं की आस्था और अनुशासन ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

इस पावन अवसर पर नगर पालिका ने सेवा समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाले नजर आए। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों को ठंडा पेयजल, फल, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर उनका स्वागत किया तथा यात्रा की मंगलकामना की। नगर पालिका द्वारा पूर्व तैयारी के तहत मुख्य मार्गों, मंदि. रों एवं कांवड़ मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों की धुलाई कर धूल-मिट्टी को नियंत्रित किया गया। रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पेयजल टैंकरों की व्यवस्था के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थायी जलपान केंद्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही नगर में लगाए गए कांवड़ शिविरों में भी पालिका द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। शिवि. रों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शिविरों में कांवड़ियों की धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप काली चुनरिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी भरपूर ध्यान रखा गया ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपने अनुष्ठान संपन्न कर सकें। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना नगर पालिका का कर्तव्य ही नहीं बल्कि सौभाग्य भी है। स्योहारा सदैव भाईचारे और सौहार्द की मिसाल रहा है। धार्मिक अवसर समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और जनता के सहयोग से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं।

इस अवसर पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, श्वेत रस्तोगी, मौहम्मद अकरम अल्वी, नईम कुरैशी सहित अन्य सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

# अवैध कच्ची शराब का तेजी से फल-फूल रहा कारोबार

## दो थानों की पुलिस अवैध करोबार के नेटवर्क को तोड़ने में असफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** नानपारा इलाके में अवैध कच्ची शराब का कार्य दिन-रात जारी है। कच्ची शराब माफिया पुलिस की मिलीभगत से पुरानी कालोनी कालागढ़ इस्लामनगर के हेड़ी बस्ती आदि में कच्ची शराब माफियों का नेटवर्क पूरे समूचे इलाके में पनपा हुआ है। जिसका जीता जागता सबूत पुलिस प्रशासन का इन माफियाओं की हिमायत करना है।

प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसलें बुलंद हो गए है। कालागढ़, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल एवं अफजलगढ़ थाना तहसील धामपुर बिजनौर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कार्य पुलिस की मिली भगत से चल रहा है। रात में ही नहीं दिन में भी कालागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार करा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे उनके अत्यधिक हौसले बुलंद है। कालागढ़ क्षेत्र के समेत आसपास के क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है।

पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार धंधों की पूर्ण जानकारी प्राप्त है। उसके बावजूद अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती है। जिनका नेटवर्क पूरे इलाके में फैला हुआ है।

?सूत्र बताते है कि पुलिस में ही तैनात पुलिसकर्मी इन लोगों को पुलिस के आने की सूचना देते है और इनको नौ-दो ग्यारह कर देते है।

## एक नजर

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा



**नांगल सोती।** बीते कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार देखा जा रहा था, जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया है। क्षेत्र में कांवड़ यात्रा जोर शोर से चल रही है। नांगल सराय आलम मार्ग से हजारों कांवड़िए हरिद्वार से जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे है। किसान विनय कुमार, नीरव कुमार, बिल्लू, सत्यपाल सिंह, संतराम सिंह नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर को बताया कि नांगल सराय आलम मार्ग पर गुलदार देखा गया है। थानाध्यक्ष ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। वन दरोगा योगेश कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बंद पड़े भट्टे के समीप एक खेत में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया। शुक्रवार को भी नांगल क्षेत्र में एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ था। जानकारों के अनुसार क्षेत्र में कई गुलदार घूम रहे है।

### मिलेनियम में कांवड़तियों का स्वागत



**कोतवाली देहात।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मिलेनियम पब्लिक स्कूल के संपूर्ण स्टाफ ने कांवड़तियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कांवड़तियों को फल भेंट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडमिनिस्ट्रेर अबुल कलाम, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, सतेन्द्र कुमार, हेमेंद्र कुमार, कुशलपाल सिंह, सतीश कुमार, गजेय सिंह, सचिन कुमार, विनोद कुमार, विकास कुमार, शारिक अली खान, अमृत राज, विपिन कुमार शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

### बाइक की टक्कर से कांवड़ती घायल



**नगीना।** थाना नगीना देहात क्षेत्र स्थित बुंदकी शुगर मिल से कुछ ही दूरी पर थाना नजीबाबाद क्षेत्र में हरिद्वार से गंगाजल लेकर नगीना की ओर जा रहे कांवड़िये को एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कांवड़िए को डायल 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। थाना प्रभारी नजीबाबाद के अनुसार हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर पैदल चल रहे कांवड़िए राजेंद्र पुत्र डाले निवासी ग्राम खलीलपुर थाना स्योहारा की शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे थाना नजीबाबाद क्षेत्र में हरिद्वार जल लेने जा रहे एक बाइक सवार कांवड़िए से टक्कर हो गई। हादसे में कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में कांवड़िए को नगीना अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

### बछड़े पर गुलदार का हमला



**कालागढ़।** पुरानी कॉलोनी में एक गुलदार ने बछड़े पर हमला कर उसे घायल कर दिया। कॉलोनी निवासियों के शोर मचाने पर गुलदार बछड़े को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस घटना से कॉलोनी में, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले एक कुत्ते के तेज भौंकने की आवाज सुनाई दी। इसके दो मिनट बाद ही एक बछड़े के जोर-जोर से रंभाने की आवाज आने लगी। आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग तुरंत बाहर निकले और शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने देखा कि गुलदार बछड़े को गले से पकड़कर ले जा रहा था। निवासियों ने शोर मचाकर बछड़े को गुलदार के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद भी गुलदार बछड़े को अपना निवाला बनाने के इरादे से कॉलोनी के आसपास मंडराता रहा, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि वे कई बार वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग कर चुके हैं। हालांकि, उनकी मांगों पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। निवासियों का आरोप है कि वन विभाग अभी भी किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है और उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है

### कृष्णा में योग कार्यशाला



**बिजनौर।** गृह विज्ञान विभाग द्वारा योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने किया और योग से संबंधित जीवन में होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शरीर को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग का दिनचर्या में होना अति आवश्यक है तथा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शालिनी शर्मा ने भी योग के साथ सन्तुलित आहार के बारे में बताया कि हमारे जीवन में योग के आवश्यक है, जिससे शारीरिक नमस्कार उपाय साथ एक कराकर सन्तुलित आहार एक उपचार का लेना भी तथा मानसिक तनाव को दूर किया जाता है। सायमा खानम तथा मुद्रा चौधरी द्वारा विभिन्न योगासन जैसे प्राणयाम, अनुलोम विलोम, भुजंगासन, सूर्य आदि शरीर को स्वस्थ रखने के अनेकों बताए। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा, योग चिकित्सा सिर्फ ही नहीं अपितु जीने की कला भी है जो रोगों को जड़ से निकाल देती है। जहां सभी अन्य इलाज रोगियों को स्वस्थ करने में असफल हो जाते है। वहां भी प्राकृतिक चिकित्सा व योग चिकित्सा प्रभावशाली रूप से कार्य करती है। कार्यक्रम में कालेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिव भक्तों के लिए चिकित्सा शिविर




**नगीना।** शिव मंदिर गंगानगर कॉलोनी के सौजन्य से इस वर्ष भी विशाल भंडारा और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिव मंदिर कमेटी द्वारा ये कार्य जोर-शोर से किए जा रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में कांवड़ती और श्रद्धालु नगीना पहुंचते हैं। इन सभी के लिए प्रसाद, जलपान, विश्राम स्थल तथा प्राथमिक उपचार की विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहभाग से यह आयोजन भव्य और सेवा भाव से संपन्न होगा।

### आरबीडी में अतिथि व्याख्यान व हेल्थ कैंप



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हेल्थ समिति द्वारा 'सर्वाइकल और लम्बर पेन' टॉपिक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अस्पताल से डा. श्वेता, डा. रॉबिन(physiotherapist), डा. लुबना (नेत्र विशेषज्ञ), प्रयोगशाला तकनीशियन, काउंसलर श्रीमती लता व स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। जिला अस्पताल से आई इस टीम ने महाविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें उन्होंने छात्राओं की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा रक्त परीक्षण किया। इसके साथ ही साथ डा. रॉबिन ने 'सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस तथा लम्बर पेन' जैसे विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने इसका कारण इसका निवारण इसमें होने वाली एक्सरसाइज को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष व आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर, प्रो. मंजू अरोड़ा, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शारदा द्विवेदी, राजनीति विज्ञान विभाग से डा. मृदुल, डा. आबिदा, भूगोल विभाग से डा. रितु सैनी व कॉमर्स विभाग से डा. ज्योति, होम साइंस विभाग से चिकित्सा कमेटी की प्रभारी श्रीमती शिखा मालवीय विभाग से डा. मीनू सिरोही, श्रीमती पूजा कुमार, श्रीमती स्वाति, कुमारी मीनू, श्रीमती इंदु शर्मा और कमल का पूर्ण सहयोग रहा।

### कांवड़ सेवा में उमड़ा समर्पण



**झालू।** हरिद्वार मार्ग स्थित निकट भागूवाला में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण सेवा समिति, झालू द्वारा कांवड़ यात्रियों की सेवा में सराहनीय पहल की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए समिति ने शीतल पेयजल एवं ताजे फलों का वितरण किया। रास्ते में पेयजल व अल्पाहार की कमी को महसूस करते हुए समिति सदस्यों ने स्वयं मोर्चा संभाला और सेवा कार्य में जुटे रहे। कांवड़ियों को रोककर आदरपूर्वक जल व फल वितरित किए गए, जिससे उन्हें गर्मी और थकान से राहत मिली। इस अवसर पर मास्टर विजय कुमार जोशी, चांद बाबू, मुकेश कुमार वर्मा, चंद्रपाल सिंह, महेंद्र धीमान, डॉ. जीसी राय बंगाली तथा ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। कांवड़ियों ने समिति के प्रयास को मानवता की मिसाल बताते हुए आभार व्यक्त किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा उनके लिए सौभाग्य है और भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी पहल की सराहना की।

### मनरेगा में बड़ा खेल

**कालागढ़।** मनरेगा में धांधली रोकने के लिए आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बाद भी मनरेगा की जमीन पर भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा है। मनरेगा में बड़ा खेल कागजों में कम जमीन पर सन्नाटा दिखाई पड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी इसे बड़ा भ्रष्टाचार नहीं मानते तभी सिर्फ नोटिस व चेतावनी तक ही सीमित रह जाते हैं। वहीं आम आदमी की मेहनत की कमाई पर जिले के विकास की जगह प्रधान व अधिकारी अपना विकास कर रहे हैं। जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा द्वारा काम कराया जा रहा है। जिसमें श्रमिकों की एक हफ्ते की उपस्थिति में भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा लगातार मनरेगा के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मनरेगा में कागजों पर मजदूर और धरातल पर झूठ का खेल लगातार जारी है। इससे साफ है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी है मनरेगा के एक मास्टर रोल में अधिकतम दस श्रमिकों का नाम भरा जा सकता है, जिन श्रमिकों का नाम इनमें होता है, सिर्फ उन्हीं की ग्रुप फोटो अपलोड होती है। हाजिरी भरने की जिम्मेदारी रोजगार सेवक या महिला मेट की होती है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व बीडीओ इसकी समीक्षा करते हैं। उसके बावजूद धांधली रुकने का नाम नहीं ले रही है।

# सीढ़ियों से फिसलकर गिरी छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो जाने से परिवार और मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। वही मृतका के पिता को पता चलते ही विदेश से वापस घर लोट आये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासी अबरार अहमद की पुत्री सोनी जो नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा थी। शुक्रवार शाम के समय घर की सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। सीढ़ियां मार्बल की होने के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया और वह लुढ़कते हुए नीचे जा गिरी। परिजनों के अनुसार गिरने के बाद वह उठी और पानी पिया, लेकिन कुछ ही क्षण बाद बेहोश होकर गिर पड़ी। घबराए परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए धामपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोनी तीन भाइयों की इकलौती बहन थी, जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना सऊदी अरब में रह रहे उसके पिता को दी गई। सूचना मिलते ही वह शनिवार को भारत पहुंचे। उनके आने के बाद किशोरी को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया

# हिंदी परीक्षा में सफलता का मंत्र

## जेपी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका अनुपम अग्रवाल ने दिए छात्र-छात्राओं को टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** वार्षिक परीक्षाओं की आहट के साथ ही विद्यार्थियों में तैयारी को लेकर उत्साह और हलचल तेज हो गई है।

इसी क्रम में जेपी पब्लिक स्कूल, चांदपुर की हिंदी शिक्षिका अनुपम अग्रवाल ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिंदी कोई कठिन विषय नहीं बल्कि समझ, अभ्यास और प्रभावशाली प्रस्तुति का विषय है। यदि सही रणनीति अपनाई जाए तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता संभव है। शिक्षिका ने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन करने की सलाह देते हुए कहा कि प्रत्येक पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें। व्याकरण को हिंदी की नींव बताते हुए उन्होंने कहा कि पद परिचय, अलंकार, रस, वाक्य शुद्धि और मुहावरों का नियमित अभ्यास जरूरी है। नियमों को केवल रटने की बजाय उदाहरणों के साथ समझने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। लेखन कौशल पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निबंध, पत्र का नियमित अभ्यास विद्यार्थियों को अधिक अंक दिला सकता है। उत्तर लिखते समय भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली रखें तथा वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान दें। समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में पहले 15 मिनट पूरा प्रश्नपत्र ध्यान से पढ़ने की सलाह दी। जो प्रश्न अच्छी तरह आते हों, उन्हें पहले हल करें। उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरी लिखावट, अनुच्छेदों का सही विभाजन और बिंदुवार उत्तर प्रस्तुति को बेहतर बनाते हैं। अंत में 10 मिनट उत्तरों की पुन: जांच अवश्य करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से परीक्षा का पैटर्न समझने में सहायता मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है।



**फोकस:** हिंदी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण टिप्स बताते हुए कहा कि प्रश्न पत्र मिलने के बाद पहले 15 मिनट पूरा पेपर ध्यान से पढ़ें और लेखन (निबंध, पत्र, आवेदन) में भाषा सरल, साफ और प्रभावशाली रखें। व्याकरण के प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें इनमें अच्छे अंक आसानी से मिलते हैं। साफ-सुथरी लिखावट और सही वर्तनी का ध्यान रखें। समय का सही प्रबंधन करें तथा उत्तर बिंदुवार लिखें ताकि प्रस्तुति आकर्षक लगे।

अनुपम अग्रवाल एक कर्मठ, मृदुभाषी और प्रेरणादायी हिंदी शिक्षिका हैं। वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्य पुस्तक का ज्ञान ही नहीं देतीं, बल्कि भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास भी करती हैं।

# गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल की बहादरपुर चीनी मिल में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

धामपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हाल में द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज द्वारा विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति, अफजलगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने की, जिसमें चीनी मिल परिक्षेत्र के लगभग 500 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी का संचालन चीनी मिल के उप महाप्रबंधक (गन्ना) लवकुश चौहान ने किया, जबकि मुख्य प्रबंधक (गन्ना) अनिल सिंह पंवार ने गोष्ठी की भूमिका पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.डी. सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नत प्रजातियों की खेती पर जोर दिया। उन्होंने रेड रॉट रोग से प्रभावित गन्ना प्रजाति को 0238 के पूर्ण विस्थापन की आवश्यकता बताई। साथ ही गन्ना प्रजातियों के प्रजनन परीक्षण क्षेत्र, पेड़ी प्रबंधन तथा वैज्ञानिक गन्ना उत्पादन तकनीक के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अति. प्रबंधक गन्ना अनिल कुमार ने फसल सुरक्षा, ट्राइकोडर्मा कल्चर की तैयारी एवं प्रयोग के बारे में बताया, जबकि अति. प्रबंधक गन्ना विनय कुमार सिंह ने मृदा नमूना संग्रहण, परीक्षण परिणामों के क्रियान्वयन तथा मृदा उर्वरता प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

स्थानीय गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने पंचामृत खेती, सहफसली प्रणाली, ड्रिप सिंचाई तथा ट्रैश मल्चिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। गन्ना समिति के सचिव साहब सिंह सत्यार्थी ने समिति के फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्रों, कृषि रसायनों, उनकी उपयोगिता और निर्धारित अनुदानित दरों के बारे में जानकारी दी। उप महाप्रबंधक (गन्ना) लवकुश चौहान ने गन्ना उत्पादन में 'फाइव टी' के महत्व को विस्तार से समझाया। वहीं चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिसेन ने किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मिल द्वारा नवीन प्रजातियों के बीज पर अनुदान, बीज एवं भूमि उपचार रसायन, कीटनाशक, सिंगल बड नर्सरी के लिए ट्रे, ट्रेंच ओपनर, छोटा ट्रैक्टर, आरएमडी, स्प्रे मशीन, बड कटर आदि कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा मिल स्थित बीज उपचार संयंत्र से नि:शुल्क बीज उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। गोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे और वैज्ञानिक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर से निकली कलश यात्रा



## श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महादेवपुरम दुर्गा विहार कॉलोनी फेज 2 पर नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर पर त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आज कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें पीत वस्त्र पहनकर महिला सर पर कलश लेकर चल रही थी। उनसे आगे बैंड बाजा ढोल बजाते हुए साथ में धर्म ध्वजा लिए हुए उत्साही युवक चल रहे थे। अंत में ट्रैक्टर ट्राली में मूर्तियां विराजमान चल रही थी।

कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर कॉलोनी की परिक्रमा कर मंदिर पर आकर संपन्न हुई। उसके बाद सामूहिक हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के विद्वान शिष्य काशी से पधारे आचार्य हिमांशु सत्यवली के साथ पांच बाह्मणों ने मंत्र जाप, स्तुति पाठ और वैदिक विधि से हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। कलश यात्रा एवं हवन यज्ञ में सपना चौहान, अंशु चौहान, हेमलता चौहान, राखी चौहान, संगीता रानी, नीलम रानी, उमा देवी, हेमलता चौहान, निरुपमा रानी, श्रुति देवी, मोनिका, रितु चौहान, कुसुम देवी, नेहा, दीपेश, ज्योति, मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पदम सिंह, नरोत्तम कुमार राजपूत, मनोज चौहान, राजू मिस्त्री, गजेंद्र सिंह, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, आंचल चौहान, महावीर सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# अफजलगढ़ में बिक रहा चाइनीज मांझा



## दो पहिया वाहन चालकों में खौफ का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद भी नगर में बेखौफ होकर चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है।

नगर में चाइनीज मांझे के विक्रेताओं द्वारा नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से मांझा सप्लाई किया जा रहा है। पतंगबाज बच्चों, युवाओं के हाथ में चाइनीज मांझा हत्या के आला ए कत्ल के रूप में देखा जा रहा है। जिसको लेकर दो पहिया वाहन चालक खौफ के माहौल में वाहन चला रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों के विभिन्न नगरों में लगातार चाइनीज मांझा के कारण कई लोगों की मौत तथा दर्जनों की संख्या में घायल हो गए है। चाइनीज मांझा के कारण मौतों की लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद नगर में खुलेआम चाइनीज मांझा की बिक्री और पतंग उड़ाने में उसके इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि नगर की कई दुकानों पर अब भी चाइनीज मांझा उपलब्ध है, जबकि प्रशासन द्वारा इसके बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेशों के बाद भी यदि यह मांझा बिक रहा है, तो यह प्रशासनिक लापरवाही या स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। चाइनीज मांझे के कारण पतंगबाज ही नहीं बल्कि राहगीरों, बाइक चालकों और पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई जगहों पर इससे गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में दुकानों की सघन जांच कर चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सकता है। चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर नगर की जनता में भारी रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि चाइनीज मांझा नायलॉन के विशेष प्रकार के मजबूत और बारीक धागे पर घातक रसायनों में कांच व लोहे के बारीक बारूदा को धागे से लगाकर बनाया जाता है। जो ब्लेड की धार के मानंद तेज होती है। शायद शासन-प्रशासन को अफजलगढ़ क्षेत्र में भी किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

# आज होगा भगवान शिव का जलाभिषेक

## वासुदेव तीर्थ पर रहेंगे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** हर हर महादेव के जयकारों के बीच कांवरिये अपने गंतव्य स्थानों पर पहुंच गये है। कल (आज) शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है, जहां सुबह से ही जलाभिषेक और पूजन-अर्चन का क्रम शुरू हो जाएगा।

नगर के वासुदेव तीर्थ स्थित प्राचीन शिवलिंग पर कांवड़िए विशेष रूप से गंगाजल अर्पित करेंगे। देर रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा और ब्रह्म मुहूर्त में जलाभिषेक किया जाएगा। भक्त बेलपत्र, धतूरा, दूध और गंगाजल अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। महा. शिवरात्रि को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा, साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। पूरा दिन कांवड़िए अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहेंगे और शहर में भक्ति का वातावरण बना रहेगा। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों के बीच जल चढ़ाने का सिलसिला जारी रहेगा

## मंदिरों पर सजावट का काम पूरा, उत्साह के साथ मंजिल पर पहुंचे कांविरये

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के

**■ चाकीखेड़ा मंदिर पर रहेगी भक्तों की सर्वाधिक संख्या**

प्रसिद्ध चाकेश्वर शिव मंदिर सहित अन्य सभी शिवालय सजे नजर आए। उधर, मंदिरों में हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के लौटने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। वहीं पुलिस ने भी प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

देश भर में आज रविवार को महा.



शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। ब्लॉक क्षेत्र में चाकेश्वर शिव मंदिर पर सर्वाधिक संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए यहां पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। यहां पर मेला भी लगता है। शनिवार को सुबह से ही दुकानदारों ने पहुंचकर अपनी दुकानों के लिए स्थान घेरना शुरू कर दिया था। मंदिर के महंत लवकुश गिरि ने बताया कि तड़के से ही जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। मंदिर पर रंगाई पुताई का कार्य भी पूरा हो गया है। यहां के अलावा अन्य शिव मंदिरों में भी शनिवार की शाम तक सजावट का काम पूरा हो गया था। शिव मंदि. रों पर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने सुरक्षा के लिए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

# कांवर लेने गए ग्रामीण पर किया हमला

## गंभीर हालत में मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांवड़ लेने हरिद्वार जाने की बात कहकर घर से निकले मजदूर पर रास्ते में गोलियां बरसा दी गईं। नौगावां सादात क्षेत्र के जंगल किनारे खून से लथपथ पड़े मिले हरिओम को दो गोलियां लगीं। एक सीने में, दूसरी कमर में। वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायल को मेरठ रेफर कर बयान दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है

हरिओम मूलरूप से डिडौली क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी है। उनके परिवार में पत्नी शीश कौर के अलावा चार बेटियां हैं। हरिओम रोजमर्रा का मजदूर है। परिजनों के मुताबिक शनिवार सुबह हरिओम हरिद्वार से कांवड़ लेने जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन लगभग आठ बजे वह नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मूंढ़ा मुकारी के पास सत्संग भवन से जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लहूलुहान में हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। हरिओम सिंह को दो गोली मारी गई हैं, एक गोली सामने से सीने पर तो दूसरी पीछे से कमर में लगी है। पुलिस ने तुरंत ही घायल हरिओम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि घायल हरिओम के बयान दर्ज करने के लिए दरोगा को मेरठ भेजा गया है। हालांकि, परिजन किसी भी तरह की रंजिश से इनकार कर रहे हैं। बयान और तहरीर के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल से शराब की खाली बोतल और गिलास मिले हैं, जिससे साफ है कि हरिओम के साथ अन्य लोग मौजूद भी थे।

# आस्था की अनोखी मिसाल! बुर्का पहनकर कावंड़ लेकर आई तमन्ना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** संभल जनपद के थाना असमोली क्षेत्र के गांव बदनपुर बसेई निवासी अमन त्यागी से विवाह के बाद तमन्ना मलिक एक बार फिर चर्चा में हैं। जानकारी के अनुसार तीन वर्ष पूर्व तमन्ना मलिक ने अमन त्यागी से शादी की थी। विवाह के बाद परिवार में सुख-समृद्धि और दो बच्चों के जन्म को अपनी मुराद पूरी होना मानते हुए उन्होंने कांवड़ लाने का संकल्प लिया था।

बताया जा रहा है कि तमन्ना मलिक 10 फरवरी को अपने गांव से हरिद्वार के लिए रवाना हुईं और 11 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे हरिद्वार से गंगाजल भरकर कांवड़ यात्रा शुरू की। खास बात यह रही कि तमन्ना मलिक पूरे समय बुरखा पहनकर कांवड़ यात्रा करती नजर आईं, जिससे रास्ते भर लोगों में उत्सुकता बनी रही। शनिवार को जब वह अमरोहा जनपद के थाना डिडौली कोतवाली क्षेत्र में पहुंचीं तो उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोशल मीडिया पर उनके कांवड़ यात्रा से जुड़े वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। जगह-जगह लोग उन्हें रोककर सेल्फी लेने की कोशिश करते दिखाई दिए। कई स्थानों पर युवाओं में सेल्फी लेने की होड़ सी मच गई। स्थिति को देखते हुए डिडौली पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से तमन्ना मलिक को अपने संरक्षण में क्षेत्र से सकुशल निकलवाया। पुलिस की मौजूदगी में यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाया गया। तमन्ना मलिक की यह कांवड़ यात्रा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां कुछ लोग इसे आस्था और संकल्प की मिसाल बता रहे हैं, वहीं सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। फिलहाल उनकी यात्रा शांतिपूर्वक आगे बढ़ रही है और स्थानीय प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। जोया में रोक कर हिन्दू संगठनों ने स्वागत किया इस अवसर पर अनुराग गुप्ता,पोपाल ठाकुर, विपिन, रमेश, हरिओम,सौरव आदि मौजूद रहे।

## हादसे में दो भाई घायल

**अमरोहा।** अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो भाई घायल हो गये। जिन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के जिवाई गांव निवासी राजू अपने चचेरा भाई अभिषेक के साथ बीती देर रात शादी समारोह से बाइक पर सवार होकर घर के लिए जा रहे थे जब उनकी बाइक नीली खेड़ी अंडरपास के पास पहुंची तो सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी दोनों भाई घायल हो गए घायलों को एंबुलेंस की मदद से जोया सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए दोनों भाईयों को अमरोहा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# दसवीं के छात्र का हाथ तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दसवीं के छात्र को दो व्यक्तियों ने मारपीट करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल होने के कारण वह परीक्षा देने में भी असमर्थ है। घायल छात्र के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह मामला थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर का है। यहां का निवासी जोगेन्द्र(16) पुत्र रोहताश 10 फरवरी को सुबह सात बजे अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। जब वह रास्ते में पहुंचा तो गांव निवासी मोहित पुत्र कुलवंत व राकेश पुत्र शोलू ने उसे रोक लिया और गाली गलौच करने लगे। जोगेन्द्र ने विरोध

**■ दो आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज**

किया तो उसके साथ मारपीट करके हुए घायल कर दिया और उसका हाथ भी फ्रैक्चर कर दिया। चीख पुकार सुनकर उसके परिजन व ग्रामीण बचाने दौड़े तो हमलावर फरार हो गए। घायल के चाचा राम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार राम सिंह का कहना है कि उसके भतीजे को इतनी चोट आईं हैं कि वह परीक्षा देने में भी असमर्थ है। उसकी बोर्ड परीक्षा आगामी 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही है। पुलिस ने पीडित पक्ष को आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

**लुभावनी बातों में फंसे वकील साहब! महीनों तक करते रहे रूपये ट्रांसफर**

# साइबर ठगों ने अधिवक्ता से 26 लाख ठगे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** साइबर ठगों ने ऐसा जाल बिछाया कि कानून के जानकार अधिवक्ता भी उससे खुद को बचा न सके। जनपद न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले इस कारोबारी अधिवक्ता की शामें जहां सुरों के साथ गुजरती थीं, वहीं एक अनजान व्हाट्सऐप कॉल ने उनकी जिंदगी की धुन ही बिगाड़ दी। 12 मई 2025 से शुरू हुई यह कहानी 3 नवंबर तक 26 लाख रुपये की चपत में बदल गई। लुभावनी बातों और झांसे में फंसाकर साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये और मांगे, तब जाकर बेटे के सामने सच आया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला हसनपुर शहर से जुड़ा है। यहां एक मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी पेशे से अधिवक्ता भी हैं तथा जिला सत्र न्यायालय अमरोहा में प्रेक्टिस करते हैं। थके हारे घर पहुंचने के बाद रोजाना शाम में गाने डाउनलोड करके सुनना उनकी आदत बन

**■ हसनपुर में बड़ा साइबर कांड, पुलिस जांच में जुटी**

चुका है। लिहाजा, वह स्टारमेकर एप से गाने अपलोड करके मनोरंजन कर लेते हैं और बाद में उन्हें ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर देते हैं। एफआईआर के मुताबिक इसी बीच 12 मई को उनके पास एक अंजान नंबर से व्हाट्सऐप पर कॉल आई। कॉल करने वाले शख्स ने लुभावनी बातें करते हुए उन्हें अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद 12 मई 2025 से बीती 3 नवंबर तक अधिवक्ता ने साइबर अपराधियों द्वारा बताए गए खातों में लगभग 26 लाख रुपये अलग-अलग तारीखों में ट्रांसफर करा लिए। जब साइबर अपराधियों ने एक लाख रुपये और देने के लिए कहा तो उन्होंने पैसे पास होने से मना कर दिया। इसके बाद वह गुमसुम रहने लगे, पिता को मायूस देख जब सॉफ्टवेयर इंजी. नियर बेटे ने वजह पूछी तो उन्होंने पूरी कहानी सुना दी। बेटे ने जब बताया कि साइबर अपराधियों ने 26 लाख रुपये लिए हैं तो ये सुन अधिवक्ता के होश उड़ गए। पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की थी। सीओ शक्ति सिंह ने बताया मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है, साइबर अपराधियों को जल्दी ट्रेस कर लिया जाएगा।

# घरेलू विवाद ने लिया हिंसक रूप

## डंडो से हमला, जीजा समेत कई पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम चुचैला कला में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित फुरकान की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उसकी बहन के पति दानिश निवासी अलाबक्शपुर, थाना गढ़ मुक्तेश्वर, ने डंडे से हमला कर मारपीट की।

पुलिस के मुताबिक पीड़ित ने बताया कि घटना 12 फरवरी की है दोपहर के समय आरोपी बाइक से घर के गेट पर पहुंचा और हाथ में डंडा लेकर फुरकान, उसके भाई रिजवान व मौहल्ले के फुरकान पर हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान बहन के साथ भी मारपीट की गई तथा सिर और कान पर वार किए गए। घटना के समय मोहल्ले के कई लोग मौके पर मौजूद थे।पीड़ित ने बताया कि उसका हाल ही में अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था, इसके बावजूद उसके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। सूचना पर पुलिस ने घायलों का सरकारी अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**उझारी।** थाना नौगांव क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासी आमना (25 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।परिजनो ने हत्या की आशका जताई।

संवाददाता उझारी आमना पुत्री नबाब 25 वर्ष की शादी लगभग 18 माह पूर्व कस्बा उझारी के अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा है। शनिवार की सुबह लगभग 10:00 बजे आमना मृत अवस्था में छत के कुंडे से लटकी मिली परिजनों के अनुसार पति-पत्नी के बीच कुछ समय से कहासुनी चल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष उझारी पहुंचे मायके वालों का आरा. प लगाया कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। सूचना पर पहुंचे थाना इंचार्ज विकास शेरावत, उझारी चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी तथा नायब तहसीलदार मनोज सिंह घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी खबर लिखे जाने तक मायके वालों ने कोई तहरीर नहीं द



# नौकरी का झांसा देकर हड़पे पौने तीन लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दिल्ली मेट्रो में टिकट कलेक्टर के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख 70 हजार रूपये ठग लिए। रूपये वापसी के नाम पर आरोपी द्वारा सौंपे गए दो चेक भी बाउंस हो गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपित के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की थी। शनिवार को एसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गौसाईं निवासी उमेशजीत सिंह के पुत्र रंजीत का

**■ एसपी के आदेश पर आरा. पी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

आरोप है कि उसकी थाना धनौरा के गांव केसरा निवासी इकबाल के पुत्र नाजिम से जान पहचान थी। उसने डेढ़ वर्ष पूर्व दिल्ली मैट्रो में नौकरी लगवाने के नाम पर रंजीत से एक बार में एक लाख 10 हजार व दूसरी बार में एक लाख 60 हजार रूपये लिए। तीन लाख में नौकरी लगवाने की बात पक्की हुई, लेकिन तयशुदा समय में नौकरी नहीं लगी। जिस पर रंजीत ने आरोपित से पैसे मांगे तो उसने करीब आठ महीने बाद रंजीत को एक्सिस बैंक शाखा चांदपुर के दो चेक दिए, रंजीत ने दोनों चेक गजरौला की एक बैंक शाखा में लगाए तो पता चला कि दोनों चेक फर्जी हैं और जिस व्यक्ति के चेक हैं वह मृत हो चुका है। जिसके बाद रंजीत को ठगे जाने का अहसास हुआ। उसने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपित नाजिम के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपनी रकम दिलाने की गुहार लगाई थी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी नाजिम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# क्लेम का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज से करें

## उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बीमा कम्पनी का इलाज का क्लेम नौ प्रतिशत ब्याज के साथ करने का आदेश उपभोक्ता फोरम ने दिया है।

दरअसल, रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव कूबी निवासी वरुण कुमार की मां शिक्षा देवी ने अपनी एक हेल्थ पॉलिसी कराई थी। जिसकी मियाद एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक थी। इस बीच शिक्षा देवी के गालब्लैडर में पथरी की शिकायत हो गई। दर्द होने पर सात दिसंबर 2023 को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा, 10 दिसंबर को डॉक्टर ने ऑपरेशन के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। इलाज में 20583 रुपये का खर्च आया। लिहाजा, मामले में वरुण कुमार ने बीमा कंपनी में खर्च का क्लेम किया लेकिन बीमा कंपनी ने क्लेम निरस्त कर दिया। तर्क दिया कि शिक्षा देवी का अस्पताल में रोगी के रूप में भर्ती होने और इलाज कराने का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। मामले में वरुण कुमार ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली थी। आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया और क्लेम के 20583 रुपये का भुगतान नौ प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया।।साथ ही मानसिक और आर्थिक क्षतिपूर्ति के लिए 10 हजार रुपये तथा वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# शिक्षा से ही देश का भविष्य होगा उज्जवल: महबूब

## धूमधाम से मना रजा पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** लोक लेखा समिति के सभापति एवं सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि बच्चे केवल परिवार का ही नहीं बल्कि देश का भविष्य होते हैं। हमें उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि पढ़ा-लिखा समाज ही उन्नति करता है। कांकर सराय स्थित रजा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर बोलते पूर्व मंत्री महबूब अली ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है और शिक्षित समाज ही राष्ट्र को आगे बढ़ाने में सक्षम होता है। केवल परिवार का ही नहीं बल्कि देश का भविष्य होते हैं। हमें उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि पढ़ा-लिखा समाज ही उन्नति करता है। आने वाले समय में यही बच्चे शिक्षा के माध्यम से देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर नफीस चौधरी, मास्टर इमरान, इसरार प्रधान, तुफैल चौधरी, हाजी फहीमुद्दीन, इरशाद अली सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग के जेई का लैपटॉप चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शादी समारोह में घर आए बिजली विभाग के जेई की बाइक के बैग से विभागीय लैपटॉप व चार्जर चोरी हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कालीलेट की है। यहां रहने वाले उपदेश कुमार बिजली विभाग में जेई के पद पर तैनात हैं। बीती 10 फरवरी को वह शादी समारोह में गांव आए थे। उनकी बाइक घर के पास खड़ी थी, जिसके बैग में विभागीय लैपटॉप, चार्जर व अन्य सामान रखा था। अज्ञात चोरों ने रात में किसी समय लैपटॉप व चार्जर चोरी कर लिया। अगले दिन जानकारी पर जेई उपदेश कुमार के होश उड़ गए, लैपटॉप चोरी होने की सूचना उन्होंने तुरंत विभागीय अधिकारियों को दी, इसके बाद अमरोहा थाना देहात पहुंचकर तहरीर दी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा

# बोर्ड परीक्षा में 51 हजार 277 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

## 18 फरवरी से 68 केन्द्रों पर सम्पन्न होगी परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। परीक्षा 18 फरवरी प्रारम्भ होंगी। इस बार परीक्षा को लेकर प्रशासन ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं जिले में 68 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

इस वर्ष हाईस्कूल के 28,583 और इंटरमीडिएट के 24,694 परीक्षार्थी सहित कुल 51,277 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी निर्धारित केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा देंगे। प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए सभी 68 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त सचल दल लगातार औचक निरीक्षण करेगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। छात्राओं की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा तथा छात्रों की तलाशी पुरुष कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह प्रति. बंधित रहेंगे। सभी केंद्रों पर पेयजल, पर्याप्त प्रकाश व बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रश्न पत्रों की सुरक्षा से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन तक प्रत्येक चरण की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दी गई है। सभी 68 परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं अंतिम रूप ले चुकी हैं और परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित तथा निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरा तंत्र सक्रिय है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज की नजरें लगातार जीत पर

**मुंबई, वार्ता।** रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपराजित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए।

### कपिल ने पहली गेंद से ही रन बनाने की काबिलियत के लिए अभिषेक शर्मा की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा।

# विवादों से परे आज होगा भारत-पाक महामुकाबला

**● यह मुकाबला, जो पहले से ही अपने जोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई जबरदस्त घटनाओं की बैकग्राउंड में हो रहा**




**कोलंबो, वार्ता।** रविवार को क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में यहां आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं।

बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फैसला किया। उनकी जगह, स्कॉटलैंड ने यह पक्का किया कि टूर्नामेंट आसानी से हो सके। शुरू में, खबर थी कि बंगलादेश के नाम वापस लेने के बाद पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने मैच का रिव्यू कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के साथ बातचीत के बाद, पाकिस्तान ने कन्फर्म किया कि वे तय समय पर भारत के खिलाफ खेलेंगे, जिससे फैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का इंतज़ार कर सकें। मैदान पर, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर फेवरेट के तौर पर उतरेगा, जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म में हैं, 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायरपावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है। जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में लगातार मैच जीतकर अपने मोमेंटम के साथ आ रहा है। उनकी ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर फेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुक.ाबला करने का एक भरोसेमंद मौका मिलेगा। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी-20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिल.सिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा। किशन की ज़बरदस्त बैटिंग, पाकिस्तान का टैक्टिकल स्पिन अटैक, और बंगलादेश के हटने और पाकिस्तान के शेड्यूलिग रिव्यू के सुलझने के बाद साइकोलॉजिकल इंटेंसिटी यह पक्का करती है कि यह मैच ड्रामा, हाई-स्टेक कॉम्पिटिशन और यादगार पलों का वादा करता है। स्किल और इमोशन दोनों में, यह मुकाबला क्रिकेट के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक जैसा नज़ारा पेश करने के लिए तैयार है।

## टेलर, बेन, डेनिस और सिलिच सेमीफाइनल में

**● टेलर फिट्ज ने कड़े मुकाबले व चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2) 6-4, 6-7(5) से हराया**

**डलास, वार्ता।** टेलर फिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेलर फिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

4-5, 30/15 पहले सेट में, फिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा।

## बुमराह-कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार

**पाक के खिलाफ मैच पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली ने दी बेबाक राय**




**दुबई, वार्ता।** मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप को समर्पित अपनी ऑफिशियल सीरीज के दूसरे एपिसोड में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली का खास मेहमान के तौर पर स्वागत किया, जहां इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने बड़ी भविष्यवाणियां, टैक्टिकल जानकारी और भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। अनीस साजन (मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर) के साथ एक गहरी बातचीत में, मोईन ने टूर्नामेंट के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई, जिसमें टीम कॉम्बिनेशन, खास मैच-अप और हालात पर चर्चा की, जिसमें खास तौर पर भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर ध्यान दिया गया, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है, जो दुनिया के खेलों में सबसे मशहूर मुकाबलों में से एक है।

मोईन अली की खास बातें

प्रेमदासा पिच पर:

आम तौर पर, प्रेमदासा में टर्न मिलता है। यह ऐसी सतह है जहां स्पिनरों को मदद मिल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के लिए एक अच्छा विकेट तैयार किया जाएगा ताकि दोनों टीमें अपना नैचुरल गेम खेल सकें और यह एक सही मुकाबला बन जाए।

भारत के खास खिलाड़ियों पर:

अगर आप भारत को देखें, तो सूर्यकुमार यादव वह बैटर हैं जिनके बारे में पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिता करनी चाहिए। वह बहुत तेज़ी से गेम बदल सकते हैं। और बॉलिंग के नज़रिए से, यह जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ही हैं, वह किसी भी कंडीशन में मैच-विनर हैं।

पाकिस्तान के टीम कॉम्बिनेशन पर:

मुझे सच में लगता है कि पाकिस्तान को ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहिए जिसमें फखर जमान खेलें। यह एक बोल्ड फैसला है, लेकिन मेरा मानना है कि वह बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मैं शाहीन अफरीदी और ख्वाजा नफे को भी टीम में देखना चाहूंगा, और टीम का बैलेंस मजबूत करने के लिए विकेटकीपिग रोल में भी बदलाव कर सकता हूं। असल में, मुझे लगता है कि इस मैच के लिए बाबर आजम की जगह फखर जमान को लाना चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ताकत का मुक.ाबला करने का सबसे अच्छा मौका मिल सके और ख्वाजा को विकेटकीपर के तौर पर उस्मान खान की जगह भी लेना चाहिए।

भारत के टीम सिलेक्शन पर:

भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि कुलदीप यादव खेलें। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी दूसरे भारतीय बॉलर से बड़ा खतरा होंगे।

पाकिस्तान की बॉलिंग से खतरा:

पाकिस्तान की तरफ से, मुझे लगता है कि अबरार अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे इंडिया को सच में सावधान रहना चाहिए। उनमें बैटर्स को परेशान करने की काबि.लियत है। मैं उस्मान तारिक का भी ज़क्रि करूंगा क्योंकि वह बहुत चालाक हैं, और इंडिया ने उनका ज्यादा सामना नहीं किया है, जो उन्हें खतरनाक बनाता है।

मैच के नतीजे पर:

आम तौर पर मुझे कहना होगा कि इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा जीत सकता है, ईमानदारी से, जैसे मैं पहली बार कह रहा हूं कि पाकिस्तान जीतेगा

टूर्नामेंट के आउटलुक पर:

मेरे चार सेमीफाइनलिस्ट इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैने मुकाबला करना लीड करना और सपने देखना सीखा : कुंबले



**● भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चिन्नास्वामी स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत में कुछ ही ग्राउंड ऐसे हैं जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम जितनी यादें, जीत और दुख समेटे हुए हैं। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले शुक्रवार को स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया जो एक युवा दर्शक के तौर पर वहीं से शुरू हुआ और देश के सबसे मशहूर क्रिकेट ग्राउंड में से एक के साथ-साथ आगे बढ़ा।

कुंबले ने याद किया कि नौ साल की उम्र में वह बेंगलुरु की इस जगह पर रणजी ट्रॉफी मैच देखने के लिए पुलिस को चकमा देकर चुपके से निकल गए थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि मैं रोजर बिन्नी को सेंचुरी बनाते देखने आया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं यहां खेलूंगा, या इंडियन कैप भी पहनूंगा। किस्मत ने पलटा खाया, कुंबले के अपने रणजी डेब्यू में भी बिन्नी कप्तान थे, यह एक ऐसे करियर की शानदार शुरुआत थी जिसने इंडियन स्पिन के एक युग को तय किया। उन्होंने स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया, जहां क्रिकेट का हर सबक सीखा गया-एज-ग्रुप मैचों की मुश्किलों से लेकर रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की तेज़ी तक। उन्होंने कहा कि यहीं पर मैंने मुक.ाबला करना, लीड करना और सपने देखना सीखा। स्टैंड्स ने गर्व, दिल टूटना और ऐसे यादगार पल देखे हैं जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। कुंबले ने उन महान खिलाड़ियों को याद किया जिनके नाम अब पवेलियन में सजे हैं। राहुल द्रविड़, शांता रंगास्वामी, जवागल श्रीनाथ और डा. थिम्मापैय्या। उन्होंने कहा कि ए वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटक क्रिकेट को बनाया है, और उनके नाम पत्थर पर खुदे देखना बहुत दिल को छू लेने वाला है। अपनी पर्सनल खास बातों पर बात करते हुए, कुं.बले ने 2007 के टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कप्तानी, 1996 में सचिन तेंदुलकर के साथ टाइटन कप जीतना और 1995-96 में कप्तान के तौर पर रणजी ट्रॉफी उठाना याद किया। वह मुश्किल पलों से भी पीछे नहीं हटे, पाकिस्तान के खिलाफ 1996 के वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल के टेंशन को याद करते हुए, उस प्रेशर को ष्ऐसा बताया जैसा मैंने पहले कभी नहीं झेला।

## आयरलैंड ने ओमान को हराया

**कोलंबो, वार्ता।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुए। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाए। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

## पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए हो बुमराह का इस्तेमाल : संजय बांगर



**● कहा: पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते है, खासकर पाक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में बदलावों को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने स्पिन अटैक को और मजबूत करेगा क्योंकि जब उन्होंने 50 ओवर की चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तो उन्होंने चार स्पिनरों का इस्तेमाल किया था। इसे देखते हुए, भारत को साफ तौर पर लगता है कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों को स्पिन का सामना करने में परेशानी हो सकती है। इसलिए, मैं निश्चित रूप से एक सीमर की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन करूंगा, और वह सीमर अर्शदीप सिंह होना चाहिए।

उन्होंने स्पिन खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को हो रही दिक्कत के सवाल पर कहा कि हां, इस विश्वकप के पहले दो मैचों में, भारत ने बीच के ओवरों में स्पिन के कारण विकेट गंवाए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि वे पहले बल्लेबाजी कर रहे थे और उनसे 200-220 रन से अधिक बनाने की उम्मीद थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में, मुझे लगता है कि वे हालात को बेहतर तरीके से समझेंगे। बड़े मैदान पर उनका शॉट चयन थोड़ा अलग हो सकता है।

## मुचोवा-म्बोको में होगा खिताबी मैच



**● इस जीत ने कैरोलिना मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया**



**● विक्टोरिया म्बोको ने एलेना ओस्टापेंको को 6-3 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की**

**दोहा, वार्ता।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी – सिर्फ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को एलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचीं। मुचोवा, जिनका एकमात्र डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स टाइटल 2019 में सोल में आया था, शनिवार को पहली बार म्बोको का सामना करेंगी। कैनेडियन का अगले हफ्ते टॉप 10 में आना पक्का है।

## ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय टीम

**● दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी भारतीय महिला टीम**




**सिडनी, वार्ता।** भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है। अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को – जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिग नहीं है) – उनकी धरती पर हराना उस 'वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा कि हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़ीटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की 'स्लीपिग जायंट' मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद

■ प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी। बीएसएफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आरएस पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया। शनिवार सुबह तलाशी के दौरान नई बस्ती करोताना स्थित गेहूं के खेत से पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए। बरामद सामग्री के पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना हुआ

**वाशिंगटन।** अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रायटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।



■ ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं: ईरानी विदेश मंत्री

अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका का यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हार्नेट फाइटर जेट और ई-2 हाकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता। ट्रम्प ने फरवरी की शुरुआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

### यूरेनियम संवर्धन समझौते का मुद्दा नहीं: ईरान

**ईरान** को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। अमेरिकी जंगी जहाज यूएसै अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान

## बीएनपी अध्यक्ष ने कहा: आज से सभी आजाद, लोगों ने मुश्किलें उठाकर लोकतंत्र का रास्ता बनाया

**ढाका।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। रिजल्ट



■ भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे

चाहे जो भी रहे हों, सभी पार्टियों को बधाई। तारिक ने कहा कि लोकतांत्रिक सिस्टम में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं। अगर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं, तो देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। आखिर में उन्होंने चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण की प्रोसेस हिस्सा लेने और सुझाव देने की अपील की। बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल की। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। चुनाव परिणाम के बाद तारिक रहमान ने शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा की और अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। तारिक रहमान पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। उन्होंने 1988 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जाइन की। 2001 के चुनाव में संगठनात्मक काम से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 2006 के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और 2007 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। 2008 में इलाज के लिए वे लंदन चले गए और करीब 17 साल तक देश से बाहर रहे। इस दौरान वे पार्टी के सीनियर उपाध्यक्ष और बाद में कार्यकारी अध्यक्ष बने। उन पर कई मामले दर्ज हुए, लेकिन बाद में अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया। पिछले साल वे बांग्लादेश लौटे और मां के निधन के बाद पार्टी की कमान संभाली। हालिया चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान अब देश के प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बन गए हैं।

### पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत

**ढाका।** बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए। इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं। ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे।

### बांग्लादेश में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है। सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गईं और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है'। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर 'बेहद भयावह' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं-पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा कि अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया। सोशल मीडिया ट्रुथ पर ट्रम्प के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था। ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि 10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए और रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'सबसे कठिन' बताया।



श्रीनगर। शालीमार परिसर में एसकेयूएएसटी-के द्वारा आयोजित कृषि-तकनीक मेले 'गोंगुल' में एक उद्यमी पिरामिड के आकार के स्टॉल में कश्मीरी सेबों को सजाते हुए।

### रूस के साथ रिश्ते टूटने की वजह से फिनलैंड मुश्किल में है: कुजनेत्सोव

**हेलेंस्की।** फिनलैंड में रूस के राजदूत पावेल कुजनेत्सोव ने कहा है कि रूस के साथ संबंध टूटने के कारण फिनलैंड संकट का सामना कर रहा है। देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शून्य वृद्धि, तेजी से बढ़ता राज्य ऋण और बजट घाटा बहुत ज्यादा है। कुजनेत्सोव ने कहा कि फिनलैंड अपने आधुनिक इतिहास के सबसे कठिन दौर में से एक से गुजर रहा है।

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया: ट्रम्प

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: एक दिन सब पता चलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।

हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इन्कार किया। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला

पिछले हफ्ते न्यूयार्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। अमेरिकी जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बाम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफार्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं: फेडरिक मर्ज

## जर्मन चांसलर मर्ज बोले: अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म

**म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कान्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। फेडरिक मर्ज ने जर्मनी के म्यूनिख में 13 से 15 फरवरी तक हो रहे म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वार के



■ दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है, सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे

बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा कि आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेगा आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उघन सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था।

# अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

■ स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है।

श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है। ईस्ट बे रीजनल पार्क डिस्ट्रिक्ट की मदद से लेक अंजा और बर्कले हिल्स के आस-पास के इलाकों में तलाश की कोशिशें की जा रही हैं। सामुदायिक और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रीनिवासैया का बैकपैक (जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप था) टिल्डेन रीजनल पार्क के पास एक घर के पास मिला, जिससे तलाश अभियान और तेज हो गई है।



# प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है ओ रोमियो

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय सफर पर ले जाती है। आज ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 59 मिनट है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान यानि नाना पाटेकर के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उसकी असली वजह फिल्म के पहले हिस्से में पूरी तरह सामने नहीं आती। यहीं से कहानी में सस्पेंस पैदा होता है। उस्तरा और अफशां के बीच एक अजीब सा रिश्ता बनता है, जिसमें भरोसा भी है और शक भी। फिल्म का दूसरा हिस्सा इसी रिश्ते के असली मायने खोलता है। अफशां का मकसद, उस्तरा की कमजोरी और दोनों का अतीत जब सामने आता है, तब कहानी पूरी तरह रंग पकड़ती है। यही सस्पेंस फिल्म को साधारण गैंगस्टर कहानी बनने से रोकता है।

**एक्टिंग**– शाहिद कपूर ने उस्तरा के किरदार को बेहद असरदार तरीके से निभाया है। उनके चेहरे की खामोशी, आंखों का गुस्सा और एक्शन सीन में उनकी आक्रामकता किरदार को मजबूत बनाती है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां शाहिद बिना बोले ही भावनाएं जाहिर कर देते हैं। यह उनके करियर के बेहतरीन अभिनय में से एक माना जा सकता है। तृप्ति डिमरी अफशां के किरदार में चौंकाती हैं। पहले हिस्से में वह शांत और संयमित नजर आती हैं, लेकिन दूसरे हिस्से में जब उनके किरदार की परतें खुलती हैं, तब उनका आत्मविश्वास और आक्रोश साफ दिखाई देता है। शाहिद और तृप्ति के बीच की केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगती और कहानी को आगे बढ़ाती है।

विशाल भारद्वाज कहानी को जल्दबाजी में नहीं दौड़ाते। पहला हिस्सा जानबूझकर धीमा रखा गया है ताकि किरदारों की परतें तैयार हो सकें। यही तैयारी दूसरे हिस्से में काम आती है। जब कहानी अपने मोड़ लेती है, तब दर्शक भावनात्मक रूप से पहले से जुड़ा होता है। छायांकन मुंबई के उस दौर को जीवंत करता है। अंधेरे रंग, समुद्र का किनारा और तंग गलियां कहानी के मूड को मजबूत करती हैं। संपादन संतुलित है और पटकथा में भावनाओं, सस्पेंस और हिंसा के बीच तालमेल बना रहता है। संवाद कम हैं, लेकिन असरदार हैं। शाहिद कपूर का सधा हुआ और दमदार अभिनय दिखा है। शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच छुपा सस्पेंस दूसरे हिस्से की कहानी में खुलता है। संगीत और संवादों के बीच का संतुलन अच्छा है। फिल्म का पहला हिस्सा कुछ दर्शकों को धीमा लग सकता है, कुछ गैंगस्टर किरदार ज्यादा विस्तार मांगते हैं।

**फिल्म का संगीत**– फिल्म का संगीत कहानी के साथ बहता है। विशाल भारद्वाज का संगीत और गुलजार के बोल गानों को फिल्म का हिस्सा बनाते हैं, न कि अलग से जोड़ा गया तत्व। रोमांटिक गीतों में सादगी है और नृत्य गीतों में ऊर्जा। पृष्ठभूमि संगीत कई अहम दृश्यों में तनाव और भावनाओं को गहराता है।

**फाइनल वर्डिक्ट**– ओ रोमियो ऐसी फिल्म है जो धैर्य मांगती है और उसका इनाम भी देती है। अगर आप केवल तेज रफ्तार की उम्मीद लेकर जाएंगे, तो पहला हिस्सा भारी लग सकता है, लेकिन अगर कहानी और किरदारों में रुचि रखते हैं, तो दूसरा हिस्सा आपको बांध लेगा। शाहिद कपूर फिल्म को मजबूती से संभालते हैं और तृप्ति डिमरी उनके साथ बराबरी का असर छोड़ती हैं। विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की शैली इस फिल्म को खास बनाती है।

**अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज व शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाएगी।**

## कृतिका और गौरव ने शादी के लिए चुना सादगी भरा जश्न

**मुंबई।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नही, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी कभी भी बड़े स्तर का प्रदर्शन नही थी, बल्कि उसका महत्व ज़्डादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर घेर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।








## नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल-रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूजिक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे-जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बताया, यहां मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहां भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नही थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी। उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है।




## सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे ज्यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमोशनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है। अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वही, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खढ़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

## रागिनी 3 में तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आएगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म रागिनी 3 का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे।

रागिनी 3 एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है।

यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनाभी है, जिन्होंने पहले वीरे दी वेडिग और फेडी जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में रागिनी 3 के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है।

तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थी। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नही होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है।

एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रागिनी 3 पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नही दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।